डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


PG-5

सिनेमा- सलमान खान के वकील को मिली जान से मारने की धमका

वर्ष -08 अंक -112 प्रयागराज, शुक्रवार 08 जुलाई, 2022 पृष्ठ- 8 मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### बाली में मिले भारत चीन के विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** जयशंकर व यी की यह मुलाकात जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बाली में आयोजित बैठक के मौके पर हुई। भारत और चीन के बीच कई मसलों पर जारी गतिरोध के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडोनेशिया के बाली में आज चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर ने उनके साथ बातचीत में सीमा के हालात, चीन में भारतीय विद्याथिर्यों और उड़ानों पर पाबंदियों को लेकर बातचीत की। जयशंकर व यी की यह मुलाकात जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बाली में आयोजित बैठक के मौके पर हुई। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया, 'बाली में आज मैंने दिन की शुरुआत चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलकात के साथ की। करीब एक घंटे चर्चा चली। इसमें सीमा के हालात समेत सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई। मैंने अन्य मसलों के अलावा विद्यार्थियों और उड़ानों के मसले को भी उठाया। अंतरराष्ट्रीय हालात और जी-20 बैठक पर उसके प्रभाव की भी चर्चा की।'

### ओमिक्रॉन के नए स्वरूप बीए.2.75 पर डब्लूयूएचओ ने किया सतर्क

**नई दिल्ली।** दो हफ्ते में 30 फीसदी केस बढ़ेपिछले दो सप्ताह में दुनियाभर में कोरोना के नए मामलों में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। डब्लूयूएचओ के छह उप-क्षेत्रों में से चार में पिछले सप्ताह वृद्धि देखी गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत व कुछ अन्य देशों में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के नए उप स्वरूप बीए.2.75 मिलने की पुष्टि करने के साथ ही सतर्क किया है। डब्लूयूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेसियस ने कहा कि भारत और संगठन के अन्य सदस्य देशों में कोरोना वायरस के इस नए रूप का पता चला है। घेब्रेसियस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पिछले दो सप्ताह में दुनियाभर में कोरोना के नए मामलों में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। डब्लूयूएचओ के छह उप-क्षेत्रों में से चार में पिछले सप्ताह वृद्धि देखी गई।

## मोहम्मद जुबैर को मिलेगी बेल जमानत याचिका पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाइ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जुबैर को अपने एक ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में 27 जून को गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है।न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि मामले को सीजेआई की मंजूरी के बाद शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। जुबैर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोन्जाल्विस ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने मामले पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध करते हुए कहा कि उनकी जान को खतरा है क्योंकि वहां लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं। हिंदू शेर सेना के सीतापुर के जिलाध्यक्ष भगवान शरण द्वारा एक जून को भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-67 के तहत जुबैर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिल्ली पुलिस ने जुबैर को अपने एक ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में 27 जून को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने जुबैर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120 बी (आपराधिक साजिश) और 201 (सबूत नष्ट करना) तथा विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम की धारा 35 के प्रावधान भी लगाए हैं।



## सांसद भी छोड़ सकते हैं उद्धव का साथ

**मुंबई।** सिर्फ विधायक या पार्षद ही नहीं अब सांसदों के शिंदे खेमे में शामिल होने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवसेना के 12 सांसद एकनाथ शिंदे गुट के संपर्क में हैं। एक दिन पहले शिंदे खेमे के विधायक गुलाबराव पाटिल ने दावा किया था कि 12 सांसद शिंदे गुट में शामिल होने की तैयारी में हैं। उनके इस दावे के बाद शिवसेना नेता आनंद राव ने शिवसेना से इस्तीफा दे दिया। लोकसभा में शिवसेना ने बदला व्हिप सांसदों को बचाने के लिए राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा दांव चला है। गुरुवार को संजय राउत ने बताया कि उद्धव ठाकरे के निर्देश के बाद पार्टी ने लोकसभा में अपने चीफ व्हिप को बदलने के लिए स्पीकर को पत्र लिखा है। पार्टी अब रंजन विचारे को चीफ व्हिप के रूप में नियुक्त करना चाहती है। किसके साथ हैं कितने सांसद शिंदे गुट में आने वाले शिवसेना सांसदों में सबसे पहला नाम उनके पुत्र कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे का है। इसके अलावा रामटेक से सांसद रामकृपाल तुमाने, हिंगोली से हेमंत पाटिल, शिर्डी से सदाशिव लोखंडे, यवतमाल से भावना गवली, दक्षिण-मध्य मुंबई से राहुल शेवाले, बुलढाणा से प्रतापराव जाधव, पालघर से राजेंद्र गावित, नासिक से हेमंत गोडसे, मावल से श्रीरंग बारणे और ठाणे से राजन विचारे के नाम की चर्चा है। वहीं, उद्धव ठाकरे खेमे में 7 सांसद हैं, जिनमें दक्षिण मुंबई से अरविंद सावंत, उत्तर-पश्चिम मुंबई से गजानन कीर्तिकर, उस्मानाबाद से ओमराजे निंबालकर, हातकलंगणे से धैर्यशील माने, परभणी से संजय बंडू जाधव, कोल्हापुर से संजय मंडलिक और दादरा नगर हवेली से कलाबेन डेलकर हैं।सियासी ड्रामे के बीच महाराष्ट्र में नवनियुक्त मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने अपने मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक की।




## सीएम शिंदे ने दिखाई संवेदनशीलता, जख्मी महिला पुलिसकर्मी को देखते ही भेजा अस्पताल

**महाराष्ट्र।** बैठक में सीएम शिंदे ने आषाढ़ी एकादशी पर पंढरपुर जाने वाले भक्तों के वाहनों का टोल टैक्स नहीं वसूलने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने अपने गृह जिले ठाणे के प्रवास के दौरान संवेदनशीलता और सहानुभूति का परिचय दिया। उन्होंने उनकी बैठक के दौरान उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान जख्मी महिला पुलिसकर्मी को देखते ही तुरंत निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। घायल महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी कल ठाणे के कलेक्टर कार्यालय में लगी थी। शिंदे ने बुधवार को यहीं विशेष बैठक रखी थी। बैठक के बाद वे वहां से जा रहे थे, तभी भीड़ में यह पुलिसकर्मी चोटिल हो गई थी। जैसे ही शिंदे की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने उसे इलाज के लिए ठाणे के एक निजी अस्पताल में भेजा। आषाढी एकादशी पर पंढरपुर जाने वालों को नहीं देना होगा टोल ठाणे के कलेक्टर कार्यालय में हुई विशेष बैठक में सीएम शिंदे ने पंढरपुर में आषाढी एकादशी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। यहां भगवान विट्ठल के दर्शन के लिए देशभर के भक्त पहुंचते हैं। आषाढी एकादशी 10 जुलाई को है। यहां आने वाले भक्तों को वारकरी कहा जाता है। बैठक में सीएम शिंदे ने पंढरपुर जाने वाले भक्तों के वाहनों का टोल टैक्स नहीं वसूलने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे वारकरियों के वाहनों पर स्टिकर लगवाएं और उनका स्थानीय पुलिस में पंजीयन कराएं।




## बीएसएफ ने नाकाम की पाक की नापाक हरकत

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने बताया, एक विशेष घात दल ने सीमा स्तंभ संख्या 1165 और 1166 के बीच कुछ आवाजाही देखी। इसके बाद जवान सतर्क हो गए और उन्होंने हरामी नाला के पास भारत की समुद्री सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे मछुआरों को धर दबोचा।सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) ने पाकिस्तान की नापाक हरकत को एक बार फिर से नाकाम कर दिया। बीएसएफ के जवानों ने गुरुवार को गुजरात में भारतीय समुद्री सीमा पार करते हुए चार पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 10 नौकाओं को भी जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया, कच्छ के 'हरामी नाला' क्षेत्र के पास से चारों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, नौकाओं से कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने बताया, एक विशेष घात दल ने सीमा स्तंभ संख्या 1165 और 1166 के बीच कुछ आवाजाही देखी। इसके बाद जवान सतर्क हो गए और उन्होंने हरामी नाला के पास भारत की समुद्री सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे मछुआरों को धर दबोचा। अधिकारियों ने बताया पूरे इलाके की तलाशी की जा रही है।



## तृणमूल नेता स्वपन माझी समेत तीन की हत्या, हमलावरों ने की अंधाधुंध फायरिंग......

**नई दिल्ली।** पुलिस के अनुसार माझी समेत तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। हमला आज सुबह करीब नौ बजे दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में हुआ। माझी अपने दो साथियों के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी कुछ हमलावरों ने उन्हें रोका और अंधाधुंध गोलियां दार्गी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मांझी कैनिंग से पंचायत सदस्य थे। सूचना मिलते ही भारी संख्या मे पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटना स्थल से गोलियों के खोल और बम बरामद किए हैं। पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर आई है। दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के नेता स्वपन माझी और उनके दो साथियों की गोली मारकर हत्या कर दी। अज्ञात हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। एक साथ तीन हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वारदात भीड़ भरे इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार माझी समेत तीनों ने मौके



## एक दिन में 18 हजार से ज्यादा कोरोना मामले सक्रिय मरीजों की संख्या 1 लाख 19 हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश भर में कोरोना के 18,930 मामले सामने आए हैं। यह संख्या बुधवार के मुकाबले 2771 ज्यादा है। एक दिन पहले 16,159 मामले सामने आए थे। देश में अब कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 1,19,457 पहुंच गई है। देश में कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को देश भर में 18,930 मामले सामने आए हैं। यह संख्या बुधवार के मुकाबले 2771 ज्यादा है। एक दिन पहले 16,159 मामले सामने आए थे। वहीं देश में कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में भी उछाल हुआ है। कोरोना से देश में 35 लोगों की मौत हुई है। जबकि, एक दिन पहले 28 लोगों की कोरोना ने जान ले ली थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब सक्रिय मरीजों की संख्या 1,19,457 पहुंच गई है। एक दिन पहले तक देश भर में 1,15,212 सक्रिय मामले थे। वहीं 24 घंटे के अंदर ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 14,650 है। आए दिन घर-बढ़ रहे कोरोना संक्रमित देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या में उतार-चढ़ाव जारी है। बुधवार को देश में 16,159 कोरोना संक्रमित मिले थे। वहीं मंगलवार को 13,085 नए संक्रमित मिले थे, जबकि सोमवार को 16,135, रविवार को 16,103 और शनिवार को 17,092 और शुक्रवार को 17,070 संक्रमित मिले थे।



## कर्नाटक के केरूर में दो समुदायों में भड़की हिंसा

**नई दिल्ली।** स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी; धारा 144 लागूदो गुटों के बीच बहस के बाद हिंसा शुरू हो गई। विभिन्न समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। आगजनी भी की गई। केरूर में स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की की गई है। आमने-सामने आ गए। आगजनी भी की गई। केरूर में स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की गई है। बगलकोट के कलेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि 8 जुलाई सुबह 8 बजे तक के लिए धारा 144 लगाई गई है। पुलिस ने घटना के सिलसिले में 10 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। घटना के तुरंत बाद, बदमाशों का एक समूह बाजार में घुस गया गाडियों में आग लगा दी। बताया गया है कि महिलाओं की छेड़छाड़ को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए हैं। इसे लेकर कहासुनी बवाल में बदल गई। कर्नाटक के बगलकोट के केरूर में बुधवार शाम दो गुटों के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क गई। तीन लोग घायल हुए हैं। हालात पर काबू करने के लिए शुक्रवार तक के लिए धारा 144 लगा दी गई है। बताया गया है कि दो गुटों के बीच बहस के बाद हिंसा शुरू हो गई। विभिन्न समुदायों के लोग






# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक.......

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** थाना फूलपुर अंतर्गत लतीफपुर गांव में बीती रात संदिग्धावस्था में घर के अंदर फांसी पर लटकता मिला युवक का शव देख हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार लतीफपुर गांव का राम कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र शंकरलाल बीती रात अज्ञात समय में अपने घर के कमरे में फांसी पर लटक गया। सुबह जब घरवाले तलाश करने लगे तो कमरे में लटकता शव देख हड़कंप मच गया। सूचना कोतवाली पहुंची तो थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय उपनिरीक्षक जय सिंह यादव उपनिरीक्षक सुभाष गौतम आदि मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर थाने लाए और यहां से शव विच्छेदन हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया गया। मृतक के कुल 3 बच्चे हैं सभी अवयस्क हैं।

# वरना नदी की खुदाई व सफाई हेतु सौंपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** वरुणा के उदगम स्थल मैलहन झील से वरुणा नदी की खुदाई व सफाई का कार्य काफी दिनों से अधर में लटका है। मैलहन झील से निकलने वाले वरुणा नाले को एजी मार्ग पर बरना पुल के पास बनी अस्थाई पुलिया के कारण जल निकासी में अवरोध उत्पनन है। जिससे बरसात में नाले का पानी आगे पार ना होकर बरना रोड तक ही रुका रहता है। इसके चलते मैलहन,सौरहा, लतीफपुर, कुतुबपुर, अतरौरा, कोनार, खंसार, उसरी आदि गांवो में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाने से फसलें चौपट हो जाती हैं। इस समस्या से निजात हेतु एडवोकेट वीरेंद्र प्रताप सिंह, संदीप कुमार बिन्द एवं किसान मंगला प्रसाद बिंद ने एक ज्ञापन एसडीएम अम्बरीश कुमार बिंद को सौंपकर वरुणा नाले की सफाई कराने की मांग की।



# शांतिपूर्वक संम्पन हुई बी0एड0 प्रवेश परीक्षा,प्रशासन रहा सतर्क

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** प्रशासन की सतर्कता एवं केंद्र अध्यक्षों की सूझबूझ से शिक्षा सनतक की प्रवेश परीक्षा परीक्षा को पारदर्शिता से संपनन करवाने में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। शासन के कड़े निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष के अतिरिक्त पर्यवेक्षक,



शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।बी0एड0प्रवेश परीक्षा हेतु हेमवती नंदन बहुगुणा पी0 जी0 कालेज लालगंज एवं सण्डवा चण्डिका इंटर कॉलेज केंद्र बनाए गए थे।हेमवती नंदन बहुगुणा सनतकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शैलेंद्र कुमार मिश्र एवं सण्डवा चण्डिका इंटर कॉलेज के केंद्राध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं पर्यवेक्षक डॉ0फणींद्र नारायण मिश्र ने बी0एड0 प्रवेश स्टेटिजिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल सक्रिय रहे। मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह की देखरेख में संम्पन हुई परीक्षा में हेमवती नंदन बहुगुणा में 500छात्रो में से 480ने परीक्षा दी जबकि संड़वा चंद्रिका इंटर कॉलेज में 400में से352ने परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए केंद्राध्यक्षों एवं स्ट्रेटजिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक को बधाई दी है।

# पूर्व बार अध्यक्ष राधेश्याम पटेल के निधन पर शोक



(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील के पूर्व बार अध्यक्ष एवं सीनियर अधिवक्ता राधेश्याम पटेल के आकस्मिक निधन से अधिवक्ता परिवार में जहां गम का माहौल छाया रहा। वहीं सूचना पाकर तहसील के समस्त अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा करके दिवंगत अधिवक्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके संघर्षों को याद करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता समीम अहमद सिद्दीकी ने कहा। कि अधिवक्ता समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई और हम सब के मार्गदर्शक के जाने से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष एसपी तिवारी, सृष्टि नाथ तिवारी, सौरव यादव, चंद्र भूषण यादव, महेश यादव, विक्रम प्रजापति, अनिल शुक्ला, पवन पांडेय, इंद्रजीत मौर्या, रमेश कोलाही,सै0 जाकिर, राजीव वर्मा, दिलीप आजाद, अजय कुमार तिवारी, अमित कुमार, राकेश विश्वकर्मा, मुकेश मिश्रा आदि लोग एकत्रित रहे।

# यू-ट्यूब पर ज्ञान की गंगा बहा रहा उग्रसेनपुर का युवा शिक्षक.........

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत सपने को कुछ युवा जमीन पर उतारने के लिए दिन-रात एक कर दीए है और अपने संघर्ष के दम पर भीड़ से अलग खुद को स्थापित कर अपनी अलग पहचान भी बना रहे तो वही काबिलियत होने के बाद भी बेरोजगारी का रोना रो रहे लोगो को एक सीख भी दे रहे। प्रतापपुर विकास खण्ड के उग्रसेनपुर(भोगवारा)निवासी युवा ऋषभ तिवारी ने अपने अपनी कुछ अलग करने की सोच और संघर्ष के बदौलत अपनी एक अलग पहचान बना ली है लोग अब उन्हें यू-ट्यूब वाले सर के नाम से जानते है कोरोनाकाल के दौरान जब दुनिया रुक सी गयी थी तब उनके मन



कुछ बड़ा करने का उड़ान भर रहा था तभी उन्होंने यू-ट्यूब पर रियल कॉसेप्ट नाम से एक यू-ट्यूब चैनल बनाकर शिक्षण कार्य करने लगे ऋक्षभ बताते है कि शुरू में थोड़ी झिझक रही मगर जिस तरह छात्रों का समर्थन मिला इससे उनमें दूगनी ऊर्जा संचार हो गया।वह अपने यू-ट्यूब चैनल पर आईआरटी,पॉलीटेकिन्क प्रवेश परीक्षा के साथ विभिनन्प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते है अब तक 30 हजार के आस-पास सब्सक्राइबर भी हो गए और उनके वीडियो के लाखों में व्यूज आते है।उनके इस सफलता पर मित्र पुनीत मिश्रा,सूर्या यादव,त्रिपुरेश तिवारी,सत्यम मिश्रा,राहुल यादव,आलोक यादव,यशवंत,मनीष मिश्रा ने उनकी प्रशंसा करते हुए बधाई एवं शुभकामना दिया।

# गुड हेल्थ कैप्सूल स्वास्थ्य के लिये हानिकारक,युवा इससे बचें है

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम ने बताया कि शारीरिक तौर पर फिट रखने और मोटा होने के लिये युवाओं द्वारा सेहत बनाने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले ''गुड हेल्थ कैप्सूल'' का सेवन न करें अन्यथा आपके लीवर, किडनी खराब हो सकते है। लाइसेंस अधिकारी लखनऊ के द्वारा अवगत कराया गया है कि लैब की जांच में गुड हेल्थ कैप्सूल में स्टेरॉयड की मात्रा पायी गयी है। इसका सेवन करने वाले युवाओं में लीवर, किडनी आदि खराब होने की ज्यादा सम्भावना है। इस कैप्सूल में स्टेरॉयड की मात्रा पाये जाने के कारण विभाग द्वारा जनहित में इसकी बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिये गये है। उन्होने समस्त नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि गुड हेल्थ कैप्सूल का सेवन न करें। यदि किसी मेडिकल स्टोर पर इसे बिक्री करते हुये पाया जाता है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

# प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय में कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश प्रारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** प्रयास राजकीय अक्षय विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रयास राजकीय शारीरिक रूप से अक्षम बालकों का उ0मा0 विद्यालय प्रतापगढ़ (निकट भंगवाचुंगी) में शारीरिक दिव्यांग छात्रों के लिये शिक्षा सत्र 2022-23 में कक्षा 1 से 9 तक प्रवेश प्रारम्भ है। उन्होंने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रवेशित दिव्यांग छात्रों को पठन-पाठन, यूनीफार्म, चिकित्सा एवं आवासीय सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इच्छुक शारीरिक दिव्यांग छात्र जिनकी आयु 06 से 18 वर्ष के बीच हो वे प्रवेश हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अभिभावक का) तहसीलदार/सभासद/प्रधान द्वारा जारी, आधार कार्ड की प्रति, अंक पत्र की प्रति/टी0सी0, चार पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हो। प्रवेश हेतु मोबाइल नम्बर 9305127300, 8787078953 व 7668362695 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी हारे हुए बूथो की समीक्षा करती हुई क्षेत्रों में

(आधुनिक समाचार सेवा)
राकेश मिश्रा

**प्रयागराज।** भाजपा सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी क्षेत्र में बूथो की समीक्षा करती हुई किस बूथ पर बराबर क्षेत्रों में दौरा चल रहा है समीक्षा बैठक को लेकर प्रभारियों को बुला करके आगामी 2024 के चुनाव को लेकर के भाजपा एक्टिव दिख रही है पदाधिकारी



भाजपा को कम मत मिले हारे हुए बूथो की गहराई से जांच कार्यकर्ताओं के बीच में जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी के आवास पर 20 गांव के बूथ प्रभारी बूथ अध्यक्ष अपनी अपनी सूची लेकर के अवगत कराते हुए इसी के साथ शंकरगढ़ में भी समीक्षा बैठक की गई सांसद विधायक का गण सर्वे करने में जुटे हुए हैं सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे अध्यक्ष जगत शुक्ला चंद्र प्रकाश त्रिपाठी गया प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट नीरज केसरवानी जय कुमार मिश्रा आलोक द्विवेदी रामसागर दुबे अंबुज त्रिपाठी कप्तान सिंह के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद।

# जिलाधिकारी ने कौड़िहार के गोवंश आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
सतिश केशरी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने बुधवार को विकास खण्ड कौड़िहार के ग्राम पंचायत उड़गी एवं ग्राम पंचायत घाटमपुर के गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम उड़गी गोवंश आश्रय पहुंचकर वहां पर गोवंशों की जिओ टैगिंग, बीमार पशुओं तथा वर्मी कम्पोस्टर की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जो भी गोवंश आश्रय स्थल में है या आ रहे है, उनका नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये तथा उनकी जिओ टैगिंग किया जाये। गो पालक गोवंश आश्रय स्थल पर अवश्य रहे। उन्होंने वहां पर चारो तरफ बाउंड्रीवाल बनाये जाने के लिए कहा है। भूसा के लिए स्टोर रूम बनाने का कार्य बन्द होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सचिव एवं प्रधान को कार्य को तत्काल पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वहां पर चारे की गुणवत्ता को भी परखा तथा वहां पर अशोक के पौधे का रोपण भी किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ग्राम पंचायत घाटमपुर के गो आश्रय केन्द्र पहुंचे, वहां पर भी गोवंशों को चिन्हित कर अलग-अलग रखने तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर तथा हरा चारा देने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वहां पर बीमार पशुओं के बारे में जानकारी लेते हुए दवा कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने



वहां पर एक वृहद गोवंश आश्रय स्थल बनाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल पर विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए है। वर्मी कम्पोस्ट बनाये जाने के सम्बंध में सही जानकारी न दे पाने पर वहां के ग्राम सचिव से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों पर लापरवाही या उदासीनता कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ0 कंचन, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी श्री आर0पी0 राय, खण्ड विकास अधिकारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थि रहे।

# दूल्हा बने सीएम भगवंत मान, शुरू हुई शदी की रस्में

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** शादी की रस्में शुरू सीएम भगवंत मान और डॉ. गुरप्रीत कौर की शादी की रस्में शुरू हो गई हैं। 11:52 , 07- -2022 संगरूर के सांसद ने दी मान को बधाई संगरूर के सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने मुख्यमंत्री मान को विवाह की बधाई दी। साथ ही विवाह में नहीं बुलाए जाने का शिकवा भी किया। 11:45 07-2022 40 लोग होंगे शामिल विवाह में दोनों परिवारों के 20-20 लोग कि दूधो नहाओ, पूतो फलो। मेरी उन्हें यही शुभकामनाएं हैं। 11:19 , 07-2022 केजरीवाल पहुंचे सीएम हाउस। - फोटो : अमर उजाला केजरीवाल पहुंचे सीएम हाउस दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सीएम हाउस पहुंच गए हैं। दूल्हा बने भगवंत मान दूल्हा बने सीएम मान की पहली फोटो सांसद राघव चड्ढा ने दूल्हा बने सीएम भगवंत मान के साथ फोटो शेयर की है। चड्ढा ने लिखा कि साडे वीरे दा ब्याह सानू गोडे गोडे



शामिल होंगे। 11:38 , 07-2022 तेजिंदर बग्गा ने भेजा गिफ्ट भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने मुख्यमंत्री मान के लिए गिफ्ट भेजा है। उन्होंने इसका स्क्रीनशॉट ट्वीट किया। 11:31, 07--2022 भूपेंद्र हुड्डा ने मान को दी शादी की मुबारकबाद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को शादी की मुबारकबाद दी है। हुड्डा ने कहा चा मान की शादी पर अकाली दल ने साधा निशाना अकाली दल के प्रवक्ता और सीनियर नेता दलजीत चीमा ने कहा कि शादी में अकाली दल को नहीं बुलाया गया है। वह बोले कि दिल्ली मॉडल के बाद अब पंजाब सरकार इमरान खान मॉडल पर आ गई है। चीमा ने मान की दूसरी शादी पर तंज कसा।


## प्रवेश सूचना

### नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
**नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 15 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# एसपी द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सक्सेस हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मऊ।** एसओजी/स्वाट/सर्विलांस/कोतवाली पुलिस टीम द्वारा वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग करते हुये एवं पतारसी/सुरागरसी के दौरान उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब बुधवार को खालसा कानूनगोयान चक पुल के नीचे से पुलिस मुठभेड़ में 02 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के लगभग 05 लाख रुपये कीमती जेवरात, चोरी के 02 लैपटाप, चोरी गयी लाइसेंसी पिस्टल, चोरी के 01 लाख 99 हजार रुपये नगद, चोरी के रुपयों से खरीदा हुआ एक मोबाइलफोन (रियलमी) व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल तथा एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 333/22 धारा 307 भादवि व मु0अ0सं0 334/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दोपहर में वादी संतोष कुमार राय निवासी निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली मऊ जो अपने घर का ताला बंद करके अपने मूल निवासी चोरपा खुर्द चले गये थे, वापस लगभग 03 बजे आये तो देखा कि दरवाजे व आलमारी का ताला टूटा हुआ था जिसमें रखे लाइसेंसी पिस्टल व सगाई के खरीदे गये जेवरात, 02 लैपटाप चोरी हो गये हैं। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 330/22 धारा 454,380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा घटना के अतिशीघ्र सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन पुलिस टीमें गठित कर दिशा-निर्देश जारी किये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु गिरफ्तार/बरामदकर्ता पुलिस टीम को 25 हजार रूपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।



गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में निरीक्षक संजय त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह, निरीक्षक आनंद सिंह प्रभारी एसओजी, मु0आ0 मनोज यादव, रितेश राय, आ0 सुशील यादव, उ0नि0 अमित मिश्रा थानाध्यक्ष कोपागंज/प्रभारी स्वाट टीम, आ0 अजय यादव, अमरनाथ मौर्या, नीरज यादव, अजीत यादव व आरक्षी संजय सिंह व बृजेश मौर्या सर्विलांस सेल मऊ रहे।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक संपन्न हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतिश केशरी**

**प्रयागराज।** ।विधि परामर्शदाता नामित किए जाने के संबंध में सहमति बनी।सबसे अनुभवी अधिवक्ता को आबद्ध करने हेतु उनका आवेदन समिति के सामने प्रस्तुत किया गया 91 प्रकरण समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुए जिनमें से 31 आवेदन पत्रों को औपचारिकताएं पूर्ण न होने के कारण पोर्टल पर निरस्त कर दिया गया है।मंडलायुक्त श्री संजय गोयल की अध्यक्षता में मंडलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक कार्यालय परिसर में संपनन्‍ हुई जिसमें कुछ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम एमएसएमई समाधान पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों हेतु विधि परामर्शदाता नामित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर उन्हें अवगत कराया गया की विधि परामर्शदाता को आबद्ध करने के संबंध में सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है एवं आए हुए आवेदनों में से सबसे अनुभवी अधिवक्ता को आबद्ध करने हेतु उनका आवेदन समिति के सामने प्रस्तुत किया गया है इसी क्रम में एमएसएमई समाधान पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करने के दृष्टिगत यह भी अवगत कराया कि अभी तक 91 प्रकरण समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं जिनमें से 31 आवेदन पत्रों को औपचारिकताएं पूर्ण न होने के कारण पोर्टल पर निरस्त कर दिया गया है, 5 प्रकरणों पर आपसी सुलह समझौता कर लिया गया है, 23 प्रकरणों पर कॉन्सिलिएशन की कार्यवाही प्रारंभ करने का निणर्य लिया गया है तथा 32 प्रकरणों पर आवेदन कार्यालय को अप्राप्त हैं।



# मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ दिलाने वाले अधिकारियो कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतिश केशरी**

**प्रयागराज।** मा0 उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आवास योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह शिकायत संज्ञान में आयी है कि कुछ लोगो को पहले पात्र दिखाकर उनको आवास योजना से लाभान्वित किया गया, परंतु जांच में उन्हें अपात्र पाये जाने पर उनसे वसूली की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है, जिन्होंने आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ पहुंचाया है।हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिसपर सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 837 ग्रामों में पानी की टंकी बनायी जानी है, जिसमें से 263 टंकियों के डीपीआर तैयार हो गया है, जिसपर मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर घर को नल से जोड़ने का कार्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने योजना को तीव्र गति के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है, जिससे की हर अमीर, गरीब, दलित, पिछड़े सभी को योजना से जोड़कर उनके घरों तक नल के द्वारा साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना(पीएमजीएमवाई) फेज-3 के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने ''फुल डेफ्थ रिक्लेमेशन'' पर आधारित सड़कों के निर्माण के बारे में जानकारी ली। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों द्वारा मा0 उपमुख्यमंत्री जी को बताया गया कि एफडीआर तकनीक से 25 सड़क स्वीकृत किए गए है, जिनमें 2 सड़कों पर कार्य प्रगति पर है, शेष कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से एफडीआर तकनीक के बारे में भी जानकारी ली, जिसपर अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि इस तकनीकि में पूर्व में बनी सड़क को डिस्मेंटल कर सीमेंट तथा केमिकल डालकर अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग करते हुए बिना किसी नयी गिट्टी का प्रयोग करें ही सड़कों की चैड़ाई बढ़ा दी जाती है। इस तकनीक से बने सड़कों की लाइफ लगभग 10 वर्ष होती है साथ अन्य सड़कों के निर्माण की अपेक्षा लागत भी 20 प्रतिशत कम आती है। इस तकनीक का प्रयोग करके हनुमानगंज से फूलपुर तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने एफडीआर तकनीकि की प्रशंसा की अमृत सरोवर योजना के तहत ग्रामों में तालाब खोदाई कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्मयंत्री जी ने कहा कि हर ब्लाक में एक मॉडल तालाब का निर्माण करें। उन्होंने तालाब के निर्माण को पर्यटन की दृष्टि से कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने तालाब के आस-पास फलदार वृक्ष लगाये जाने के साथ ही पीपल, बरगद, जामुन, नीम सहित अन्य वृक्षों को भी लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी मा0 जनप्रतिनिधिगणों से अमृत सरोवर के तहत कराये जा रहे तालाब के निर्माण कार्य की मानीटरिंग करने के लिए भी कहा है। एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने जनपद कों स्वयं सहायता समूहों के गठन में अग्रणी बनाना है। उन्होंने इसके लिए तीव्र गति से समूहों का गठन करने के लिए कहा है, जिससे की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस समूह के माध्यम से जोड़कर उनकों स्वावलम्बी बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समूहों की आमदनी को बढ़ाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने का कार्य करें। विशेष अभियान चलाकर समूह का गठन करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पैसे की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए मा0 उमुख्यमंत्री जी ने मनरेगा के अन्तर्गत संचालित योजनाओं से सम्बंधित सभी कार्यों का हर ब्लाकों में बोर्ड लगाकर दर्शायें जाने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लाकों में कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं होना चाहिए। गुणवत्ता सम्बंधी शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मा0 सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, मा0 सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, मा0 विधायक कोरांव श्री राजमणि कोल, मा0 विधायक फाफामऊ श्री गुरू प्रसाद मौर्या, मा0 विधायक फूलपुर श्री प्रवीण पटेल, एमएलसी श्री सुरेन्द्र चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# बाढ़ मॉक एक्सरसाइज में सिविल डिफेंस ने डूब रहे व्यक्तियों को बचाने एवं अस्पताल पहुंचाने में किया प्रतिभाग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतिश केशरी**

**प्रयागराज।** दिनांक 7 जुलाई 2022 को वीआईपी घाट पर जिला प्रशासन द्वारा आगामी समय में संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महोदय श्री संजय कुमार खत्री जी के निर्देशन में एनडीएमए की गाइडलाइन के अनुसार डीडीएमए प्रयागराज में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री जगदंबा सिंह के नेतृत्व में आगामी बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए सेना जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगाड्र्स, चिकित्सा विभाग एवं सिविल डिफेंस के द्वारा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गयी। एक्सरसाइज में सामान्य जनजीवन के अंतर्गत नौकाविहार कर रहे आम जनमानस व तटवर्तीय क्षेत्रों के निवासियों को जल स्तर बढ़ने की सूचना दी गयी इसी दौरान नाव पलटने के कारण जल में फंसे लोगों को सेना जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम द्वारा अपने स्टीमर रिमोट लाइफ व्याय के माध्यम से बाहर निकाला गया जिन्हें होमगार्डस एवं सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा देते हुए एंबुलेंस एवं अस्पताल तक पहुंचाया गया। विस्थापितों को बनाए गए अस्थाई शरण स्थलों पर पहुंचा कर राहत सामग्री दी गयी। इस अवसर पर आयुक्त श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री महोदय के आतिथ्य में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री जगदंबा सिंह, प्रभारी जल पुलिस श्री कड़ेदीन, सीएफओ श्री डॉ. राजीव पाण्डेय, सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल श्री सचिन, श्री आदित्य, कमांडेंट होमगार्ड श्री अमित पाण्डेय, उप नियंत्रक श्री नरेंद्र शर्मा, चीफ वार्डेन श्री अनिल कुमार, डिप्टी चीफ वार्डेन श्री सादिक हुसैन सिद्दीकी, सहायक उप नियंत्रक श्री राकेश कुमार तिवारी अपने-अपने विभागीय टास्कफोर्स के साथ उपस्थित रहे। सिविल डिफेंस की टीम में डिविजनल वार्डेन श्री महेन्द्र सक्सेना, स्टाफ आफिसर श्री रविशंकर दिवेदी, स्टाफ आफिसर श्री रौनक गुप्ता, आईसीओ श्री मार्कंडेय राय, घटना नियंत्रण अधिकारी श्री सुनील कुमार गुप्ता, पोस्ट वार्डेन श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी 'दुकान जी', रिजर्व पोस्ट वार्डन श्री भोलेश्वर उपाध्याय, श्रीकृष्ण तिवारी सहित प्रखंडों के अन्य वॉलिंटियर्स आदि 60 की संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से दो शूटर घायल, जूस विक्रेता की हत्या में थे वांछित

**वाराणसी।** के शिवपुर निवासी बुजुर्ग की हत्या में वांछित दो शूटर देर रात पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। वाराणसी के शिवपुर में चार दिन पूर्व जूस विक्रेता बालचंद चौधरी की हत्या में वांछित दो शूटरों को क्राइम ब्रांच और शिवपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार की देर रात पिसौर पुल के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लगी। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस के उच्चाधिकारियों ने घटना के बाबत पूछताछ की क्राइम ब्रांच प्रभारी अश्वनी पांडेय के अनुसार शाम को यह सूचना मिली कि जूस विक्रेता बालचंद्र चौधरी की गोली मारकर हत्या करने वाले दो शूटर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में पिसौर पुल से होकर गुजरने वाले हैं। इस पर शिवपुर पुलिस और सिगरा पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। बाइक से आते हुए दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस फोर्स पर फायरिंग शुरू कर दिए। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। इनकी पहचान गाजीपुर के सदर कोतवाली काशीराम कॉलोनी निवासी राशिद और प्रकाश टॉकीज, शक्ति मस्जिद मछरहट्टा, थाना कोतवाली सदर, गाजीपुर निवासी रेहान के रूप में हुई। घायल दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में सामने आया कि सोमवार की सुबह शिवपुर के कादीपुर इंद्रपुरी खोरी शास्त्री धाम कॉलोनी निवासी जूस विक्रेता बालचंद्र चौधरी की हत्या में शामिल थे। रेहान और राशिद ने ही घर में घुसकर गोली मारी थी। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। मुठभेड़ में सिगरा इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय, क्राइम ब्रांच से बृजेश मिश्रा, शक्तिधर पांडेय, अमित शुक्ला आदि शामिल रहे।



# मित्र शिंजो आबे को पीएम मोदी ने कराई थी बनारस की सैर गंगा आरती देख हुए थे अभिभूत

**वाराणसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे 12 दिसंबर 2015 को पीएम मोदी के साथ वाराणसी आए थे। बनारस में हुए अभूतपूर्व स्वागत से शिंजो आबे गदगद थे। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर जानलेवा हमले की खबर से वाराणसी के लोग भी सदमे में हैं। बड़ी संख्या में काशीवासी शिंजो आबे के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना कर रहे हैं। वाराणसी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र ने ट्वीट कर सलामती की दुआ की है। उन्होंने लिखा कि मेरे प्रिय मित्र शिंजो अबे पर हुए हमले से बहुत व्यथित हूं। हमारे विचार और प्रार्थनाएं उनके, उनके परिवार और जापान के लोगों के साथ हैं। पीएम मोदी और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की दोस्ती जगजाहिर है। प्रधानमंत्री रहते हुए जब शिंजो आबे भारत आए थे तो पीएम मोदी उन्हें 12 दिसंबर 2015 को वाराणसी दर्शन को लेकर आए। दोनों प्रधानमंत्रियों ने दशाश्वमेध घाट पर गंगाजल हाथ में लेकर विश्व की मंगलकामना का संकल्प लिया था। इस दौरान शिंजो आबे का भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रति सन्‍ेह सभी ने देखा था। दोनों ने मढ़ी में बैठकर एक घंटे से अधिक गंगा आरती देखी थी। तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजों की यह यात्रा भारत की विदेश नीति का अहम हिस्सा थी, जिसने दुनिया की महाशक्तियों को अपना अहसास दिलाया था। बनारस में हुए अभूतपूर्व स्वागत से शिंजो गदगद थे और देर तक खड़े रहकर लोगों का अभिवादन किया था। यही नहीं मोदी और शिंजो ने नदेसर पैलेस में अपने क्षेत्र के महारथी 68 खास लोगों से मुलाकात कर भविष्य की योजना का खाका भी खींचा था। भारत-जापान की वर्षों से चली आ रही मैत्री के प्रतीक रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर की नींव 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने रखी थी। सेंटर को सांस्कृतिक व आधुनिक समागम के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। 186 करोड़ की लागत से तैयार सेंटर शिवलिंग के आकार में निर्मित है। खुद में एक अद्वितीय कंवेंशन सेंटर है। जिसमें जापानी और भारतीय दोनों ही प्रकार की वास्तुशैलियों का संगम दिखता है। रुद्राक्ष कन्वेंशन की डिजाइन जापान की कंपनी ओरिएंटल कंसल्टेंट ग्लोबल ने किया है। निर्माण का काम भी जापान की ही फुजिता कारपोरेशन कंपनी ने किया है। सारनाथ में भी जापानी मंदिर है।



# आजमगढ़ में बाइक सवार दंपती से लूट का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**वाराणसी ।** लूटे गए आभूषण बरामदआजमगढ़ में गुरुवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक लुटेरा घायल हो गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मऊ निवासी चंदन यादव उर्फ अभय के रूप में हुई है। आजमगढ़ के मेंहनगर थाना क्षेत्र में चार दिन पहले बाइक सवार दंपती से लूट के आरोपी को पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी मौके से भाग निकलने में सफल रहा। मुठभेड़ में घायल बदमाश के कब्जे से तमंचा-कारतूस के अलावा दंपती से लूटे गए आभूषण आदि बरामद हुए हैं। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मेंहनगर थाना पुलिस गुरुवार रात क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राजघाट पुल के पास दो युवक किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर मेंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों बदमाश भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। दोनों बदमाश मऊ जिले के रहने वाले पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा जबकि दूसरा मौके से भाग निकलने में सफल रहा। पुलिस की गोली से घायल बदमाश की पहचान चंदन यादव उर्फ अभय यादव निवासी सुल्तानपुर कोरौला थाना मोहम्मदाबाद जनपद मऊ के तौर पर हुई। कब्जे से पुलिस ने तमंचा, कारतूस, दंपती से लूटे गए एक मंगलसूत्र व एक चेन भी बरामद किया। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपने फरार साथी का नाम अवधराज राजभर निवासी सिगाड़ी थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ बताया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर 12 अधिक मुकदमे विभिनन्‍ थानों में दर्ज है। वह अपने साथी के साथ मिल कर राहगीरों को लूटने की घटना को अंजाम देता था।

# ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने समेत तीन याचिकाओं पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई आज

**वाराणसी ।** ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने और पूजा-पाठ की मांग के साथ ही इसमें मुस्लिम पक्ष के प्रवेश पर रोक की मांग को लेकर दायर वाद पर सुनवाई आज फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में शिवलिंग मिलने के दावे के बाद उसमें मुस्लिमों का प्रवेश रोकने समेत अन्य मांगों लेकर दायर याचिका की सुनवाई आज फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। किरण सिंह की याचिका पर फास्ट ट्रैक कोर्ट (महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत) में इस मामले को लेकर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और अन्य विपक्षी हाजिर होंगे। इस मुकदमे की सुनवाई आखिरी बार 30 मई को हुई थी। तब जो वाद दाखिल है उस पर आपत्ति दाखिल करने के लिए वाद की प्रति मांगी गई थी। जिसे अदालत ने वादी पक्ष को उपलब्ध कराने को कहा था और सुनवाई की अगली तिथि 8 जुलाई तय की थी। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर इस इस वाद को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने फास्ट ट्रैक कोर्ट (महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत) में ट्रांसफर किया था। इन तीन मांगों पर सुनवाई विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री गोंडा निवासी किरन सिंह व दो अन्य ने यह याचिका दाखिल की है। इसमें यूपी सरकार, जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी और विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पक्षकार बनाया गया है याचिका में तीन बिंदुओं पर कोर्ट से मांग की गई है, जिसमें परिसर में मुस्लिम पक्ष का प्रवेश रोकने, ज्ञानवापी परिसर हिंदू पक्ष को सौंपने और वादी गण को ज्ञानवापी में तत्काल प्रभाव से पूजा पाठ राग भोग दर्शन शामिल है। याचिका में शिवलिंग पाए जाने के दावे के बाद अवैधानिक गुंबद को हटाकर पूजा पाठ के अधिकार की बात कही गई है। ज्ञानवापी परिसर हिंदू पक्ष को सौंपने और वादी गण को ज्ञानवापी में तत्काल प्रभाव से पूजा-पाठ, राग भोग दर्शन की मांग की गई है।



# चोरी की दो बाइक के साथ चोर को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
अश्विनी कुमार ठाकुर

**अनपरा (सोनभद्र)।** सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा



वाहन की चोरी रोकथाम चलाया जा रहे अभियान में उत्तर प्रदेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोनभद्र के निर्देशन में टीम गठित कर क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा गठित टीम अनपरा प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में 7/07/2022 को अनपरा पुलिस द्वारा रात्रि के 2:00 बजे रेलवे पुलिया ऑडी मोड़ के पास शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया जिसकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया अनपरा थाना क्षेत्र से चुराए गए मोटरसाइकिल को बरामद की चोरी थाना स्थानीय पर 379 भादवी बनाम पंजीकृत किया गया था दूसरी मोटरसाइकिल विधानसभा चुनाव के दौरान काशी मोड़ से चोरी की गई थी मुखबीर की सूचना पर दोनों बाइक चोर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त पीयूष सिंह उर्फ लक्की को धारा 379,411,414, भादवी में गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया पीयूष सिंह उर्फ लकी पुत्र दिलीप सिंह निवासी पनजी जौहरी थाना मऊ जनपद रीवा मध्य प्रदेश हाल पता सीटीआई बस्ती मोरवा सिंगरौली मध्य प्रदेश मुकदमा 1स0 आ0 स0 114/22, धारा 379,411 भवदवि, 2मु0 आ0 स0 315/22 धारा 379, 411, 414, भादवी गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय थाना अनपरा सोनभद्र, चंद्रभान सिंह चौकी प्रभारी रेनू सागर, उपनिरीक्षक संजय सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, पंकज पाठक कांस्टेबल, विकास राज थाना अनपरा सोनभद्र शामिल रहे।

# कांवड़ यात्रा के मार्ग पर रहेगी कड़ी सुरक्षा माहौल बिगाड़ने वालों की खैर नहीं.......

**सोनभद्र।** जिले में बकरीद, कांवड़ यात्रा, सावन मेलों सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए एसपी ने मातहतों को शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया है। थाना और चौकी प्रभारियों को शरारतपूर्ण बयान जारी कर माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के साथ पूरी कठोरता से पेश आने को कहा गया है। जिन मार्गों से कांवड़ यात्रा गुजरेगी उन पर पुलिस चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रहेगी। जिले में बकरीद और कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट है। कांवड़ यात्रा और बकरीद को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मीटिंग कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा के रूट पर पड़ने वाले संवेदनशील इलाकों को पुलिस चिह्नित कर रही है। वहीं बकरीद को लेकर भी स्पष्ट कर दिया गया है कि पहले से चले आ रहे कुर्बानी स्थलों पर ही कुर्बानी दी जाएगी। नए स्थानों पर कोई कुर्बानी नहीं दी जाएगी। डीएम चंद्र विजय सिंह और एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने लोगों से परंपरागत रूप से त्योहार मनाने की अपील की है। प्रशासन ने कांवड़ यात्रा और बकरीद को लेकर मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। जिसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी हर थाना क्षेत्र में मीटिंग कर रहे हैं ताकि कहीं पर भी कोई समस्या ना हो। वहीं पुलिस लगातार गश्त भी कर रही है। कांवड़ यात्रियों के लिए विश्राम स्थलों को लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा ढाबा मालिकों से भी बातचीत की जा है। श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा, सावन मेला, रक्षाबंधन, नागपंचमी, बकरीद के त्योहारों को देखते हुए फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। थाना प्रभारियों को शरारतपूर्ण बयान जारी कर माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



# शिव मंदिर परिसर में चल रहे शनि महायज्ञ का सामूहिक विवाह के साथ समापन.......

**मिर्जापुर।** कस्बा स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय शनि महायज्ञ की बृहस्पतिवार को पूर्णाहुति हुई। अनवरत चल रहे अखंड कीर्तन के 13 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के संयोजन में दस गरीब असहाय कन्याओं का विवाह कराया गया। मांगलिक गीतों से विवाह मंडप गूंज उठा। दोपहर लगभग 12 बजे रामगढ़ कस्बे में गाजे-बाजे व करमा नृत्य के साथ पांच रथ पर कन्याओं को पूरे कस्बे का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बराती बने भिक्षुक भिखारी बाबा जंगली दास और क्षेत्र के लोग नाचते गाते हुए रथ के आगे चल रहे थे। भ्रमण के बाद मंदिर परिसर में सभी कन्याओं को विवाह मंडप तक ले जाया गया जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य गोपाल धर द्विवेदी, आचार्य हरिओम धर द्विवेदी समेत अन्य ब्राह्मणों ने विवाह संपनन्‍ कराया। इस दौरान मांगलिक गीतों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। नव दंपतियों को उपहार में आभूषण, बर्तन, चौकी, गद्दा, घड़ी, बक्सा आदि दिया गया। नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए कमल नयन दास जी महाराज (उत्तराधिकारी मणिराम छावनी राम जन्मभूमि अयोध्या उत्तर प्रदेश) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ही मेरा धर्म है और धर्म बिना पूजा-पाठ के संभव नहीं है। हम चाहते हैं कि भारत विश्व गुरु बने। राष्ट्र की रक्षा धर्म की रक्षा के समान है। इस मौके पर अजय कुमार मौर्य, परमानंद रमेश कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, राममूरत गुप्ता, राम अधीन पटेल, मनोज केसरी, रमेश उमरवैश्य, रामबाबू मोदनवाल, शिव शंकर, रेवती तिवारी, लखपति गुप्ता, पवन गुप्ता, प्रेम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय परिषद् में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन..........

(आधुनिक समाचार सेवा)
अश्विनी कुमार ठाकुर

**रावटसगंज (सोनभद्रे)।** श्री एकेडमी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम् दिनांक 07.07.2022 को श्री एकेडमी हिन्दुआरी पसहीं कला में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक श्री अनिल कुमार पाण्डेय जी ने छात्रों को पर्यावरण संतुलन में वृक्षों के योगदान से अवगत कराते हुए । वृक्ष प्रकृति के एवं हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। इस तथ्य को बताया तत्पश्च्यात विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती संध्या गोयल ने 'ग्लोवल वार्मिग' के विषय मे बताते हुए वृक्षो के महत्व को प्रतिपादित किया तत्पश्चात विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक वृक्षारोपण किया । इस मौके पर अतुल गिरी, राघव मणि मिश्र, श्याम नारायण पाठक, मनोज ओझा, अक्षय कुमार, शिवम देव पाण्डेय, स्तुति मिश्रा, प्रिया गुप्ता, पूजा दूबे, प्रतिक्षा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# बहु दिव्यांग बच्चों को मिलेगा होम बेस्ड एजुकेशन

**सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा विभाग जिले के बहु दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजूकेशन प्रदान करेगा। इसके लिए कुल 80 बहु दिव्यांग बच्चों को चयनित किया गया है। यह बच्चे स्कूल जाने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा स्पेशल एजूकेटर्स के माध्यम से उन्हें घर पर ही शिक्षा दी जाएगी। होम बेस्ड एजूकेशन कार्यक्रम के तहत विशेष शिक्षक उनके घरों पर पहुंचकर शिक्षा प्रदान करेंगे। पांच बच्चों पर एक स्पेशल शिक्षक तैनात होंगे। जिले में कुल 80 बच्चों को इसके लिए चयनित किया गया है। इसके सापेक्ष जिले में 12 शिक्षक मौजूद हैं। चार अन्य शिक्षकों की भी तैनाती की जाएगी। होम बेस्ड एजूकेशन के बेहतर संचालन के लिए शिक्षण सामग्री की खरीदारी होगी। भारत सरकार के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की ओर से इस योजना के लिए समेकित शिक्षा के तहत जिले में कुल दो लाख 80 हजार रुपये की मंजूरी दी गई है। इससे दृष्टिबाधित बच्चों और लो विजन छात्र-छात्राओं की विशेष शिक्षा प्रणाली स्टेशनरी के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग का मानना है कि समेकित शिक्षा से निश्चित रूप से दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई सुगम होगी। गंभीर दिव्यांगता के शिकार 80 बच्चों को विशेष शिक्षक शिक्षण सामग्री की मदद से घर पर ही पढ़ाएंगे। शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को सबसे पहले समर्थ मोबाइल एप्लीकेशन पर दर्ज किया जाएगा।जेम पोर्टल से होगी खरीदारी बहु दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षण सामग्री और सभी स्टेशनरी सामग्री की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से होगी। इसके लिए शासन से एक समिति का गठन किया गया है। इसमें बीएसए को अध्यक्ष बनाया गया है। सहायक वित्त लेखाधिकारी को सदस्य, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा को सदस्य सचिव, जिला समन्वयक एमआईएस को सदस्य नियुक्त किया गया है। बच्चों को मिलेगी यह सामग्री गंभीर रूप से बहु दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड शिक्षा के लिए दर्जनों सामग्रियां मिलेंगी। इसमें वुडेन प्लास्टिक के विभिनन्‍ मॉडल, अंग्रेजी व हिंदी में अल्फाबेटिक, नंबर आकार आकृतियों का पजल, शरीर के अंग, फल, सब्जियां, यातायात के साधनों के चार्ट, विभिनन्‍ प्रकार के पेग बोर्ड, म्यूजिकल इक्विपमेंट, किचन व डॉक्टर सेट, विभिनन्‍ प्रकार के पिक्टोरियल चार्ट्स, पशु-पक्षियों के चार्ट, काउटिंग फ्रेम, स्टैकिंग ट्वायेज, रैटल, लाइट प्रोड्यूसिंग खिलौने सहित अन्य सामग्री सम्मिलित होगी। शासन की ओर से बहु दिव्यांग बच्चों को बेहतर बनाने के उदेश्य से होम बेस्ड शिक्षा के माध्यम विभिनन्‍ सामग्रियों को उपलब्ध कराया जायेगा। जेम पोर्टल से इनकी खरीदारी होगी।



# सेवानिवृत्त दो परियोजना प्रबंधक समेत छह के खिलाफ केस...

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने गरीबों को आवास मुहैया कराने में उदासीनता और काम अधूरा छोड़कर पूरा पैसा निकालने वाली कार्यदायी संस्था के सेवानिवृत्त तत्कालीन दो प्रबंधकों समेत छह के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई डूडा के परियोजना अधिकारी राजेश उपाध्याय की तहरीर पर हुई है। आरोपियों के ऊपर आवासों के निर्माण के करोड़ों रुपये हजम करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि वादी ने तहरीर देकर अवगत कराया है कि सीएंडडीएस यूनिट 38 सोनभद्र को आईएचएसडीपी योजना के तहत घोरावल नगर पंचायत में 512 आवास बनने थे। इन आवासों के निर्माण के लिए 1431.87 लाख निर्गत किया गया था। कार्यदाई संस्था को वर्ष 2017 तक निर्माण कराकर हैंडओवर करना था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जबकि धनराशि का उपयोग कर लिया गया है। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों ने वित्तीय हानि की है। पूर्व में कई बार कार्यदाई संस्था के लोगों को अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने के लिए पत्राचार किया गया है, लेकिन नहीं कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों ने डूडा के पीओ को एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। इस संबंध में डूडा के पीओ राजेश उपाध्याय ने बताया कि सेवानिवृत्त तत्कालीन परियोजना अधिकारी बीपी सिंह, बीएम वर्मा, सेवानिवृत्त तत्कालीन यूनिट लेखाकार इंद्र मणि त्रिपाठी, रामजनम, मुहम्मदमुल और शैलेंद्र नाथ द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अधिकांश आवास अधूरे, कइयों में कब्जा योजना के तहत घोरावल नगर के हरिजन बस्ती में 80, मौर्या बस्ती में 96, नौगवां नंदलाल के पास 96 और कांशीराम कॉलोनी के पास 240 आवास बनना था। हरिजन बस्ती को छोड़कर कहीं भी आवास का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। इनमें 166 निर्माणाधीन हैं और 266 आवास बनकर तैयार हैं लेकिन फर्नीचर, फर्श, वायरिंग, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था न होने से इसका वितरण लाभाथिर्यों में नहीं हो पा रहा। अन्य सभी क्षेत्रों के आवास अधूरे हैं। अधूरे आवासों में अवैध रूप से तमाम लोगों ने कब्जा कर लिया है। वहीं कुछ अधूरे आवासों में तो पशु रह रहे हैं।

# कोटेदारों के चयन में सुस्ती बरतने पर डीएसओ से मांगा स्पष्टीकरण

**सोनभद्र।** डीएम चंद्र विजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय



बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कोटे की रिक्त दुकानों के लिए कोटेदार के चयन में सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला पूर्ति अधिकारी से स्पष्टीकरकण तलब किया। बैठक में डीएम ने कहा कि किसी भी विभाग का कार्य अन्य विभाग के कारण बाधित न रहे। सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर काम करें। निर्माण कार्यों में किसी प्रकार शिथिलता और लापरवाही न बरती जाए। निर्धारित समयावधि में कार्य को पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हर हाल में पूरा कराएं। उन्होंने राशन वितरण, कोटेदार के चयन आदि प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि कोटेदार के चयन प्रक्रिया में एक माह से कोई कार्य नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए डीएसओ को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत, कृषि बीज उर्वरक, रसायन, गौवंश, पशु टीकाकरण, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी व ग्रामीण, मनरेगा, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, राशन कार्ड आदि योजनाओं के तहत संचालित कार्यों का समीक्षा करते हुए पात्रों को लाभ पहुंचाने का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान में सभी विभाग के अधिकारी अपने अधीनस्थों को अभियान में सहभागिता निभाने के लिए निर्देशित करें। सभी अधिकारी भी सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचें। उन्होंने ज्येष्ठ खान अधिकारी को चिह्नित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा शीघ्र लगवाने को कहा ताकि ओवर लोडिंग या अवैध तरीके से संचालित वाहनों की धरपकड़ की जा सके। बैठक में पीडी आरएस मौर्या, डीडी कृषि डीके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर करें कार्रवाई

**सोनभद्र।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता सिंह ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक की। महिला कल्याण के लिए संचालित प्रदेश सरकार की विभिनन्‍ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच कर कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। बीएसए और डीआईओएस को बिना मान्यता के ही चलने वाले शिक्षण संस्थानों पर कार्रवाई को कहा। ऐसे विद्यालयों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित जांच कराई जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सलखन में संचालित वृद्धाश्रम की विस्तृत जांच कर अपनी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें। वहां काफी कमियां पाई गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी ही बैठक में प्रतिभाग करें। उनके प्रतिनिधि के रूप में कोई उपस्थित नहीं होगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से महिला कल्याण के लिए जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, उनसे महिलाओं को त्वरित गति से लाभान्वित कराएं। सभी यह सुनिश्चित करें कि महिलाओं का किसी प्रकार से उत्पीड़न न होने पाए। बैठक में सीओ सदर राहुल पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, शेषमणि दुबे आदि रहे।



# फ्री स्टाइल तैराकी में अक्षत और अवंतिका प्रथम

**सोनभद्र।** हिंडाल्को कर्मचारी मनोरंजनालय की ओर से क्लब हिंडाल्को के तरणताल में दो दिवसीय ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मनोरंजनालय के प्रबंधक राजेश सिंह इंदौलिया और एचआर विभागके अमित सिंह ने किया। प्रबंधक राजेश सिंह इंदौलिया ने कहा कि खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। तैराकी करने से शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है और शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। इस मौके पर तैराकी कोच आनंद निषाद और नागेंद्र निषाद ने प्रतियोगिता के नियम बताए। बालक वर्ग में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में अक्षत मिश्रा ने प्रथम स्थान, दीपेश मिश्रा ने द्वितीय और देवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में अवंतिका पांडेय ने प्रथम, श्रेया सिंह ने द्वितीय और अनुष्का सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मौजूद सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। संजय कुमार सिंह, सर्वेशयादव, सुदेश्वर प्रसाद, महेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आवासीय बालिका विद्यालय में बाउंड्री न होने पर भड़कीं राज्य महिला आयोग की सदस्य

**सोनभद्र।** राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता सिंह ने बृहस्पतिवार को म्योरपुर क्षेत्र में संचालित विभिनन्‍ बालिका विद्यालयों का



निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में व्याप्त दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तत्काल खामियां दूर करने का निर्देश दिया। आयोग की सदस्य अनीता सिंह किरबिल स्थित कन्या विद्या शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज पहुंचीं। शौचालय की स्थिति दयनीय होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को जल्द व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में उन्होंने बालिकाओं के शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी ली। खराब स्तर पर असंतोष जताते हुए पठन पाठन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने वहां बन रहे भोजन की खराब स्थिति, अभिलेखों के अधूरा होने और यहां तैनात एकाउंटेंट को जिले पर संबद्ध किए जाने पर भी नाराजगी जताई। लड़कियों का आवासीय विद्यालय होने के बावजूद वहां बाउंड्रीवॉल नहीं थी। इस पर वो भड़क गईं। कहा कि लड़कियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। दो दिन के भीतर बाउंड्री का काम शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। एसडीएम दुद्धी को भी उन्होंने बाउंड्रीवॉल जल्द पूरा कराने की बात कही। इसके बाद वह वनवासी सेवा आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने आश्रम के क्रियाकलापों की जानकारी लेने के साथ ही महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। एसडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र, सीओ पिपरी प्रदीप सिंह चंदेल, म्योरपुर बीडीओ, खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत, क्षेत्रीय लेखपाल अनिल मौर्या, प्रधानाचार्य पारसनाथ पांडेय आदि मौजूद रहे।

# फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहा परिचालक बर्खास्त

**मिर्जापुर।** रोडवेज मिर्जापुर में तैनात एक परिचालक को फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी करते हुए पाए जाने पर उसे बर्खास्त कर दिया गया है। परिचालक वर्ष 2008 से फर्जी प्रमाण पत्र के जरिए नौकरी कर रहा था। बर्खास्त होने के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ सरकारी धन की रिकवरी भी की जाएगी। एक वर्ष पूर्व परिचालक के भाई को भी इसी आरोप में बर्खास्त किया गया था। विंध्याचल थाना क्षेत्र के भटेवरा गांव निवासी दिनेश रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत था। उसकी नियुक्ति वर्ष 2008 में हुए बैकलाग भर्ती में हुई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता अजय सिंह ने दिनेश के खिलाफ परिवहन निगम में शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि दिनेश जाति का कहार है। उसने गोड़ जाति का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी हासिल की है। शिकायत पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने जांच कराने का निर्देश दिया।

# संगठन को मजबूत बनाने की बनाई रणनीति

**सोनभद्र।**राबर्ट्सगंज नगर के ब्रह्मनगर में स्थित अपना दल एस पार्टी कार्यालय पर बृहस्पतिवार को मासिक गोष्ठी हुई। इसमें संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति बनी। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सत्यनारायन पटेल ने पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल व आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू महराज जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शाहू जी की जयंती भी मनाई गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य दिनेश और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सोनभद्र प्रतिनिधि अरुण पटेल, कार्यवाहक युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु ने पार्टी के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। संचालन पार्टी के कार्यवाहक जिला महासचिव राजकुमार ने किया। म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोड़, सहकारी मंच के प्रदेश कार्यकर्ता शिवनारायण पटेल, इकबाल अहमद, सुनील, आशिक अहमद, श्याम कन्हैया, महेश अग्रवाल, श्यामाचरण गिरि, सुरजीत पटेल, बाबूराम पटेल, श्यामसुंदर पटेल, रामसुरेश कुशवाहा, दिनेश, इंद्र कुमार पाल, धर्मेंद्र पटेल, नंदू पटेल, पवन पटेल आदि मौजूद रहे।



# धोनी ने इंग्लैंड में दोस्तों के साथ मनाया जन्मदिन, टीम इंडिया का सिर्फ एक खिलाड़ी हुआ शामिल

**नई दिल्ली।** धोनी ने अपना 41वां जन्मदिन लंदन में मनाया है। उनकी पतनी साक्षी ने उनके केक काटने का वीडियो शेयर किया है और सभी दोस्तों के साथ फोटो भी शेयर की है, जिसमें ऋषभ पंत भी दिखाई दे रहे हैं। भारत के पूर्व कप्तान और चेनन्ई सुपर किंग्स के मौजूदा कप्तान महेंद्र सिंह धोनी गुरुवार (7 जुलाई) को 41 साल के हो गए। धोनी इस समय लंदन में अपनी पतनी साक्षी और बेटी जीवा के साथ आईपीएल 2022 के बाद छुट्टी मना रहे हैं। बुधवार की रात साक्षी धोनी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें धोनी अपने 41 वें जन्मदिन को भव्य अंदाज में मना रहे हैं। इस वीडियो में धोनी को केक काटते देखा जा सकता है। धोनी की बर्थडे पार्टी में उनके कई दोस्त पहुंचे थे, जिसमें टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत भी शामिल थे। साक्षी धोनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धोनी के केक काटने का वीडियो शेयर किया है और स्टोरी में भी कई वीडियो लगाए हैं। दो वीडियो में साक्षी ने दिखाया है कि वो लंदन गलियों में घूम रही हैं। वहीं, तीसरी फोटो में उन्होंने दिखाया है कि इस बार धोनी के जन्मदिन में कौन लोग शामिल हुए थे। इसी फोटो में ऋषभ पंत को भी देखा जा सकता है। बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह ने भी धोनी को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा ठमाही आपको बहुत सारा प्यार, आपको जन्मदिन मुबारक हो।ठविंबलडन मैच देखने पहुंचे थे धोनीमहेंद्र सिंह धोनी को कुछ दिन पहले ही विंबलडन के एक मैच के दौरान देखा गया था। विंबलडन ने उनकी एक फोटो शेयर की थी और लिखा था कि एक भारतीय दिग्गज विंबलडन मैच देखने पहुंचे हैं। पहले यह तस्वीर धोनी की आईपीएल टीम चेनन्ई सुपरकिंग्स ने शेयर की थी, जिसे बाद में विंबलडन ने शेयर किया था। इस तस्वीर में धोनी के साथ उनके कई दोस्त दिखाई दे रहे थे। धोनी के अलावा पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनाल गावस्कर भी विंबलडन मैच देखने पहुंचे थे। सिर्फ आईपीएल खेल रहे हैं धोनी 41 साल के धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद से वो सिर्फ आईपीएल खेल रहे हैं। 2021 में उन्होंने अपनी टीम चेनन्ई को चौथी बार आईपीएल का चैंपियन बनाया था। हालांकि, 2022 में चेनन्ई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और यह टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। चेनन्ई इस सीजन प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनी थी। अब धोनी 2023 में चेनन्ई के लिए आखिरी आईपीएल खेल सकते हैं।



# रणवीर सिंह के बर्थडे पर सचिन ने शेयर की पुरानी तस्वीर....

**नई दिल्ली।** हालांकि, उनकी पिछली फिल्म जयेशभाई जोरदार बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई। अब उनकी आने वाली फिल्म रोहित शेट्टी की सर्कस' है। रणवीर सिंह आज अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है। क्रिकेट जगत से भी उन्हें शुभकामनाएं संदेश मिल रहे हैं। इस अवसर पर भारत के पूर्व क्रिकेटर और मास्टर ब्लास्टर के नाम से मशहूर सचिन तेंदुलकर ने भी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में सचिन रणवरी के साथ दिख रहे हैं। तस्वीर देख कर लग रहा है कि यह उस वक्त की है जब सचिन क्रिकेट खेला करते थे। इस तस्वीर के साथ कैप्शन में सचिन ने लिखा- हैप्पी बर्थडे रणवीर आपका आने वाला समय शानदार रहे। मैंने यह तस्वीर ढूंढ निकाली। क्या आप बता सकते हैं कि यह तस्वीर कब ली गई है। हालांकि, रणवीर ने अभी तक इसका जवाब नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर इस फोटो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर इस फोटो पर अब तक दो लाख 80 हजार के करीब लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, कई लोग कमेंट भी कर रहे हैं। सचिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड को ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी थी। सचिन आईपीएल मुंबई इंडियंस टीम के मेंटर भी हैं। वहीं, रणवीर सिंह पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड के सुपरस्टार बनकर उभरे हैं। हालांकि, उनकी पिछली फिल्म जयेशभाई जोरदार बॉक्स ऑफिस पर धमाल नहीं मचा पाई। अब उनकी आने वाली फिल्म रोहित शेट्टी की सर्कस' है। ऐसा माना जा रहा है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बिखेरेगी।



# वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का एलान, धवन कप्तान और जडेजा उपकप्तान

**नई दिल्ली।** सीनियर खिलाडियों को आरामभारतीय टीम 22 जुलाई से लेकर सात अगस्त तक वेस्टइंडीज दौरे पर रहेगी। इस दौरान टीम तीन वनडे और पांच टी-20 खेलेगी। धवन के अलावा टीम इंडिया को नया उपकप्तान भी मिला है। रवींद्र जडेजा वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया के उपकप्तान होंगे।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए वनडे टीम की घोषणा कर दी है। वनडे सीरीज के लिए शिखर धवन को कप्तान बनाया गया है। वहीं, सीनियर खिलाडियों को आराम दिया गया है। भारतीय टीम 22 जुलाई से लेकर सात अगस्त तक वेस्टइंडीज दौरे पर रहेगी। इस दौरान टीम तीन वनडे और पांच टी-20 खेलेगी।धवन इससे पहले भी टीम इंडिया के कप्तान रह चुके हैं। उन्होंने पिछले साल श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी की थी। उस दौरे पर भी टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ही थे। टीम इंडिया को नया उपकप्तान भी मिला है। रवींद्र जडेजा वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे टीम के उपकप्तान होंगे। उन्हें पहली बार यह दायित्व दिया गया है। हालांकि, टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा अभी नहीं की गई है।शिखर धवन (कप्तान), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान , प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।रोहित-विराट समेत सीनियर खिलाडि़यों को मिला आरामबीसीसीआई ने वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे सीरीज के लिए सीनियर खिलाडि़यों को आराम दिया है। इनमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है। ये सभी खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ 12 जुलाई से 17 जुलाई तक होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में हैं।वनडे टीम में शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), आवेश खान की वापसी हुई है। ऋतुराज गायकवाड़ और आवेश खान इस सीरीज में अपने वनडे करियर की शुरुआत कर सकते हैं। शुभमन गिल ने आखिरी वनडे मैच दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। तीन वनडे मैचों में उनके नाम कुल 49 रन हैं। दीपक हुड्डा ने इसी साल फरवरी के महीने में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत की थी। इसी सीरीज में उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच भी खेला था। सैमसन ने भारत के लिए एकमात्र वनडे मैच पिछले सा जुलाई के महीने में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।वेस्टइंडीज बनाम भारत वनडे सीरीज का शेड्यूल पहला वनडेः क्वीन्स पार्क ओवल, 22 जुलाइ 'दूसरा वनडेः क्वीन्स पार्क ओवल, 24 जुलाईतीसरा वनडेः क्वीन्स पार्क ओवल, 27 जुलाई।



## टी20 में टेस्ट की हार का बदला लेने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** एजबेस्टन टेस्ट में हार के बाद भारत टी20 में इंग्लैंड से बदला लेना चाहेगा। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया का रिकॉर्ड बहुत ही बेहतरीन है। भारत अब तक इंग्लैंड से कोई टी20 सीरीज नहीं हारा है। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के बाद टी20 सीरीज की शुरुआत हो रही है। तीन मैचों की इस सीरीज में टीम इंडिया जीत दर्ज कर एजबेस्टन टेस्ट में मिली हार का बदला लेना चाहेगी। टी20 सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड शानदार है। टीम इंडिया अब तक इंग्लैंड से कोई टी20 सीरीज नहीं हारी है और इस सीरीज में भी यह रिकॉर्ड कायम रखना चाहेगी। भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा इस सीरीज से वापसी कर रहे हैं। वह आईपीएल के बाद पहली बार कोई मैच खेलेंगे। वहीं, जोस बटलर इंग्लैंड के नियमित कप्तान बनने के बाद पहली बार कोई मैच खेलेंगे। ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। आइए जानते हैं इस मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकॉस्ट से जुड़ी सारी जानकारी कब होगा भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मैच भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला सात जुलाई यानी गुरुवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और इंग्लैंड के बीच मैच भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पहला मुकाबला साउथैम्पटन के द रोज बाउल मैदान पर खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और इंग्लैंड का मुकाबला भारत और इंग्लैंड के मैच में टॉस भारतीय समयानुसार रात दस बजे होगा और पहली गेंद साढे़ दस बजे फेंकी जाएगी। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच भारत-इंग्लैंड सीरीज के प्रसारण का अधिकार सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास है। इसलिए इस मैच का प्रसारण भी सोनी स्पोर्ट्स के चैनल पर किया जाएगा। आप सोनी स्पोर्ट्स के चैनल पर अलग-अलग भाषाओं में लाइव मैच देख सकते हैं। कहां देख सकते हैं लाइव मैच भारत-इंग्लैंड सीरीज के सभी मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में सोनी लिव एप पर देखी जा सकती है।



# इंग्लैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड शानदार, छह साल में जीतीं तीन सीरीज


**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने अब तक इंग्लैंड से दो या उससे अधिक मैचों की चार टी-20 सीरीज खेली है। इसमें से टीम इंडिया को एक भी सीरीज में हार नहीं मिली है। तीन में उसे जीत और एक सीरीज बराबर छूटी है भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से तीन मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत हो रही है। पहला मैच साउथैम्पटन में भारतीय समय अनुसार रात 10.30 पर शुरू होगा। एजबेस्टन टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया टी-20 में सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से टीम इंडिया मजबूत हुई है। हालांकि, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत समेत इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल रहे क्रिकेटर दूसरे टी-20 मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। पहले टी-20 में ज्यादातर खिलाड़ी वह हैं जो आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया में थे। ऐसे में रोहित शर्मा के सामने सही प्लेइंग-11 चुनने की चुनौती होगी। तीन मैचों की टी-20 सीरीज, टीम इंडिया के लिए टेस्ट मैच में मिली हार से खोए आत्मविश्वास को वापस पाने का मौका तो होगी ही साथ में यह सीरीज उसके लिए प्रयोग की राह को छोड़कर विश्व कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 को अंतिम रूप देने वाली भी होगी कई सीनियर खिलाडियों की गैरमौजूदगी में




ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन जैसे खिलाडियों को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप की टीम के लिए अपने साबित करने का एक और मौका मिलेगा।भारतीय टीम ने अब तक इंग्लैंड से दो या उससे अधिक मैचों की चार टी-20 सीरीज खेली है। इसमें से टीम इंडिया को एक भी सीरीज में हार नहीं मिली है। तीन में उसे जीत और एक सीरीज बराबर छूटी है। भारत ने इंग्लैंड से पिछले छह सालों में तीन टी-20 सीरीज खेली हैं, जिसमें उसे सभी में जीत हासिल हुई है। चोट के कारण गायकवाड़ आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत नहीं कर पाए थे। अगर रोहित की वापसी होती है तो उन्हें एक बार फिर बाहर बैठना पड़ सकता है। ईशान को जो मौके मिले हैं उसमें उन्होंने प्रभावित किया है। वह इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ अच्छी पारियां खेलकर टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत करने का प्रयास करेंगे। दूसरे मैच से कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरेंगे। ऐसे में दीपक हुड्डा के लिए गुरुवार का मैच अहम रहेगा। आयरलैंड के खिलाफ वह शतक और 47 रन की पारियां खेल कर हर किसी को प्रभावित कर चुके हैं। ऐसे में एक और मैच विजयी पारी खेलकर वह अपनी अहमियत साबित करने की कोशिश करेंगे डेब्यू का इंतजार कर रहे राहुल त्रिपाठी और अर्शदीप सिंह को दूसरे और तीसरे टी-20 के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें पहले मैच में खेलने का मौका मिलने की उम्मीद काफी कम है। चोट के बाद वापसी कर रहे सूर्यकुमार यादव आयरलैंड के खिलाफ लय हासिल नहीं कर सके। हालांकि, डर्बीशायर के खिलाफ अभ्यास मैच में हुड्डा और उन्होंने जरूर रन बनाए।उमरान मलिक ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव जरूर किया, लेकिन उन्हें अपनी गेंदबाजी को और सटीक बनाने की जरूरत है। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल के खिलाफ आयरलैंड ने काफी रन बटोरे थे। इंग्लैंड जैसी टीम को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। प्लेइंग-11 में युजवेंद्र चहल को रवि बिशनेई पर वरीयता मिल सकती है। विश्व कप से पहले 15 टी-20 खेलेगा भारत भारत को आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले लगभग 15 टी-20 मैच खेलने हैं। टीम मौजूदा सीरीज में तीन मैच के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 जुलाई से सात अगस्त तक पांच और अगस्त-सितंबर में एशिया कप में लगभग पांच मैच खेलेगी। सितंबर में भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी-20 सीरीज खेलनी है। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के साथ भारत विश्व कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश की पहचान की प्रक्रिया शुरू करेगा।इंग्लैंड के लिए यह सीरीज जोस बटलर युग की शुरुआत होगी, जिन्हें ऑएन मोर्गन के संन्यास के बाद सफेद गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। बेन स्टोक्स और भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के नायक जॉनी बेयरस्टो को सीरीज से आराम दिया गया है। इंग्लैंड के पास किसी भी टीम के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने वाले पर्याप्त सक्षम बल्लेबाज हैं। बटलर और लियाम लिविंगस्टोन आईपीएल में शानदार फॉर्म में थे। दोनों अपनी इसी फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेंगे। भारत ने अंतिम टी-20 सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 से जीती थी। पांच मैचों की यह सीरीज 2020-21 भारत में हुई थी।भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल, आवेश खान।

# रांची का लड़का कैसे बना दुनिया का सबसे सफल कप्तान

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। उन्होंने भारत को तीन बार आईसीसी टूर्नामेंट में चैंपियन बनाया। वहीं, आईपीएल में भी धोनी ने चेनन्ई को चार खिताब जिताए हैं। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 41 साल के हो चुके हैं। भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सक्रिय नहीं हैं। उन्होंने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था और अब सिर्फ आईपीएल में नजर आते हैं। हालांकि, उनके जन्मदिन पर पूरे क्रीकेट जगत में हलचल मची हुई है और दुनियाभर के क्रिकेटर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। धोनी ने क्रिकेट की दुनिया में जो कुछ हासिल किया है, उसका सपना सभी देखते हैं, लेकिन किसी का सपना इस कदर नहीं पूरा हुआ, जैसे धोनी ने किया। वो तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। यहां हम धोनी का पूरा सफर बता रहे हैं। 2004 में शुरू हुआ करियर साल 2004 के अंत में महेंद्र सिंह धोनी ने अपने पहला मैच खेला था। पहले मैच में वो अपना खाता भी नहीं खोल पाए थे, लेकिन अगली कुछ पारियों में उन्होंने दिखा दिया वो किस श्रेणी के खिलाड़ी हैं। अगले कुछ साल भारतीय टीम के लिए खास नहीं थे। 2007 में तो टीम इंडिया ग्रु धोनी भारतीय क्रिकेट टीम में आए और जल्द ही वर्ष 2007 विश्व कप में टीम इंडिया ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। इसके बाद धोनी की कप्तानी में युवा भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप खेलने पहुंचा। धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया ने पहली टी20 विश्व कप जीता। कप्तान धोनी की कामयाबी का जो सफर यहां शुरू हुआ। वह अभी भी जारी है।





2009 में भारत उनकी कप्तानी में टेस्ट की नम्बर एक टीम बनी। इस बीच आईपीएल की शुरुआत हुई और धोनी को चेनन्ई सुपरकिंग्स का कप्तान बनाया गया। 2010 में उन्होंने देहरादून की साक्षी से शादी की और इसी साल आईपीएल का खिताब भी जीता। अगले साल धोनी ने भारत को वनडे विश्व कप में चैंपियन बनाया। दो साल बाद धोनी की अगुआई में ही टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती और धोनी तीन आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाले एकमात्र कप्तान बन गए। 2014 में टेस्ट से संन्यास 2014 में धोनी ने एक चौंकाने वाले फैसला लिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी छोड़ने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला लिया। 2015 में धोनी एक बच्ची के पिता बने। इस समय वो ऑस्ट्रेलिया में वनडे विश्व कप में व्यस्त थे। इस टूर्नामेंट के बाद वो अपनी बेटी जीवा से मिले। जुलाई 2015 में चेनन्ई सुपरकिंग्स पर अवैध सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों को लेकर दो साल का बैन लगा दिया गया और धोनी आईपीएल में नई नवेली टीम पुणे सुपरजाइंट्स के साथ जुड़ गए, जहां वह उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नही कर पाए। 2016 में महेन्द्र सिंह धोनी पर आयी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई, जिसमें धोनी का किरदार दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने निभाया था। खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए धोनी को पद्मभूषण, पद्मश्री और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। दो साल के बैन के बाद 2018 में चेनन्ई सुपरकिंग्स की आईपीएल में वापसी हुई और 2019 में यह टीम फाइनल तक पहुंची। हालांकि, 2020 चेनन्ई के लिए सबसे खराब साल रहा और आईपीएल इतिहास में पहली बार यह टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाई। अगले साल धोनी ने शानदार वापसी की और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। यह चौथा मौका था, जब चेनन्ई की टीम आईपीएल का खिताब जीती थी। चेनन्ई सुपरकिंग्स के लिए लगातार सफल होने के बाद वो तमिलनाडु में खासा लोकप्रिय हो गए और उन्हें थाला नाम मिला, जिसका अर्थ होता है बड़ा भाई। 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में धोनी रन आउट हो गए और भारत को जीत नहीं दिला पाए। इसके बाद वो कई सीरीज तक टीम इंडिया का हिस्सा नहीं रहे और 2020 में कोरोना महामारी आने के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। धोनी अब भी आईपीएल खेल रहे हैं और 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद 2023 में अपनी टीम को फिर से चैंपियन बनाकर क्रिकेट को अलविदा कहना चाहेंगे।

# राशीफल

**मेष-**:आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-**:आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-**:कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-**:आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-**:बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-**:आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-**:तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-**:आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-**:अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-**:आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-**:अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-**:तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

### हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की बढ़ती डिमांड में अहम योगदान दे रहा हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म...............

जैसे-जैसे दुनिया पटरी पर लौट रही है, सभी उद्योग पूरी तरह से पुनर्जीवित होने की कोशिश कर रहे हैं और करियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहे हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि भारत में यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र सबसे आकर्षक करियर विकल्पों में से एक क्यों है? ऐसा लगता है कि हर दूसरा व्यक्ति इस उद्योग का हिस्सा बनने की ख्वाहिश रखता है और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है पर्यटन में रिबाउंड के साथ, इस क्षेत्र में मार्च में अधिकतम हायरिंग देखी जा रही है। एक शोध के अनुसार, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र में पिछले साल की महामारी की लहरों की बेड़ियों से बचते हुए. छुट्टियों के मौसम के करीब आते ही हायरिंग में 357 प्रतिशत की वृद्धि का अनुभव हो रहा है।हालाँकि, स्थिति वर्तमान में विकसित हो रही है। जैसा कि अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं ने अपने यात्रा प्रतिबंधों और मानकों में ढील दी है जिससे यात्रियों की वृद्धि होने के कारण, आतिथ्य और पर्यटन उद्योग, एक बार फिर पहले जैसे हो गये है। जिसके परिणामस्वरुप होटल प्रबंधन में नौकरी के ढेर सारे विकल्प हैं।विश्व के विभिनन्‍ उद्योगों में आतिथ्य उद्योग निरंतर विकास और विस्तार के पथ पर अग्रसर है। हालांकि, ण्ध्म्ब्छ-महामारी के दौरान न केवल आतिथ्य उद्योग अपितु अन्य सभी उद्योग भी समान रूप से प्रभावित हुए हैं लेकिन अब यह एक तरह से खत्म हो गया है। जैसे-जैसे दुनिया पटरी पर लौट रही है, सभी उद्योग पूरी तरह से पुनर्जीवित होने की कोशिश कर रहे हैं और करियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहे हैं। इसी तरह, वर्तमान में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर को आकार देना समयानुकूल है - बशर्ते कि आपने भारत के सर्वश्रेष्ठ होटल मैनेजमेंट कॉलेजों में से एक से अपनी डिग्री पूरी की हो। हॉस्पिटैलिटी उद्योग ने सभी उतार-चढ़ावों के बावजूद, एक बार फिर पटरी पर वापस आने में कामयाबी हासिल की है क्योंकि लोगों ने यात्रा करना शुरू कर दिया है, होटल आवास आदि का उपयोग करना शुरू कर दिया है। क्या 2022 में होटल प्रबंधन अभी भी एक व्यवहार्य करियर विकल्प है?2022 में होटल मैनेजमेंट में करियर ढेर सारे विकल्प प्रदान करेगा। होटल प्रबंधन में कैरियर की संभावनाएं 2022 में तेजी से बढ़ने और पूरे दशक में स्थिर रहने की उम्मीद है। नतीजतन, यह दावा करना सुरक्षित है कि अब होटल प्रबंधन में एक सफल करियर के लिए साइन अप करने का सबसे अच्छा क्षण है। केनेथ रिसर्च ने भारत में होटल उद्योग पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें 2022-2031 की पूर्वानुमान अवधि में बाजार और उद्योग की अंतदृष्टि का विस्तृत विश्लेषण शामिल है। बाजार मूल्य के विश्लेषण और पूर्वानुमान अवधि के दौरान सीएजीआर की गणना के आधार पर रिपोर्ट में बाजार में नवीनतम रुझानों और व्यापार के अवसरों पर चर्चा की गई है। पूर्वानुमान अवधि के दौरान बाजार में महत्वपूर्ण सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है। इसका मतलब है कि सर्वश्रेष्ठ होटल प्रबंधन कॉलेजों के सनतक भारत और विदेशों में होटल प्रबंधन में सफल करियर बना सकते हैं।मोदी की 'मेक इन इंडिया' पहल से अंतरराष्ट्रीय पूंजी को औद्योगिक क्षेत्र में आकर्षित करने के साथ-साथ देश के होटल और पर्यटन उद्योगों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है। इसके शीर्ष पर भारत की सक्रिय पर्यटन नीति उद्योग के पुनरुत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है।होटल प्रबंधन में करियर उच्च-भुगतान वाले पेशे तेजी से उननति और दुनिया की यात्रा करने और विविध संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसरप्रदान करते हैं।लगातार होटल में नए ग्राहकों से मिलने का मतलब है कि आपको हर दिन नई चुनौतियों और अनुरोधों का सामना करना पड़ेगा, जो आपके कार्य दिवस को आकर्षक बनाए रखेंगे।भारत में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र ने एक बार फिर अधिकतम भर्ती के साथ वापसी की है। इन उद्योगों में करियर बनाने की चाहत रखने वाले युवा पेशेवर हेरिटेज इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड टूरिज्म, आगरा में प्रवेश लेकर होटल मैनेजमैंन्ट में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है । आज हेरिटेज इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड टूरिज्म, आगरा के यही युवा स्टूडेंट्स अब होस्पिटेलिटी सेक्टर में (देश-विदेश) में परचम फहरा रहे हैं। तो यदि आप पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के करियर में रुचि रखते हैं, तो निश्चित रूप से कार्य करने का समय है।



# धर्मांधता : कट्टरता के दौर में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं, बढ़ते सांप्रदायिक विद्वेष की कीमत चुकानी होगी

धार्मिक रूप से कट्टरवादी जिस तरह मुस्लिम समुदाय में हैं, उसी तरह हिंदू समुदाय में भी हैं। और समाज में कट्टरवाद बढ़ने से हिंदू-मुसलमान, किसी की भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। ऐसे में, सबसे ज्यादा मुश्किल उदारवादियों को होती है। कट्टरवाद के इस व्यापक दौर में वे कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। पिछले दिनों बांग्लादेश के नड़ाइल में मिर्जापुर यूनाइटेड कॉलेज के प्रोफेसर स्वपन्‍कुमार बसु और एक छात्र को उपस्थित भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में जूते की माला पहनाई। उन दोनों की गलती क्या थी? छात्र की गलती यह थी कि उसने भारत में चल रहे विवाद के बीच भाजपा से निलंबित नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। और प्रोफेसर की गलती क्या थी? उनकी गलती यह थी कि जब क्रुद्ध भीड़ उस छात्र को मारने के लिए उसका पीछा कर रही थी, तब प्रोफेसर ने अपने चेंबर में उस छात्र को शरण दी थी। भीड़ ने कॉलेज कैंपस में ही प्रोफेसर के स्कूटर में आग लगा दी। प्रोफेसर ने पुलिस बुला ली। लेकिन पुलिस के जवानों ने प्रोफेसर और छात्र को सुरक्षा देने के बजाय उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया, ताकि उन्हें अपमानित किया जा सके और जूते की माला पहनाई जा सके। नूपुर शर्मा की टिप्पणी पर सिर्फ नड़ाइल नहीं, पूरे बांग्लादेश में कट्टरवादियों ने तांडव मचाया था। उन कट्टरवादियों को संभवतः यह मालूम भी नहीं था कि उनके क्षुब्ध होने की वजह क्या है, आखिर विवादास्पद टिप्पणी में कहा क्या गया था। वर्षों पहले जब मैंने धर्म पर कुछ कहा था, तब भी बांग्लादेश के कट्टरवादियों ने ऐसा ही तांडव मचाया था। वे भी नहीं जानते थे कि वस्तुतः मैंने कहा क्या था। हंगामा मचाने वालों को यह जानने की जरूरत नहीं होती कि वे किस बात पर हंगामा कर रहे हैं। वे जानना भी नहीं चाहते। उनके सामने सवाल रखने की इजाजत नहीं है। किसी तरह की आलोचना या अध्ययन से भी उनका कोई लेना-देना नहीं है। हद तो यह है कि वे सच भी जानना नहीं चाहते। ऐसे कट्टरवादियों को जब पता चलता



है कि किसी ने उनके धर्म से जुड़ी कोई बात कही है, तो धार्मिक भावना पर आघात लगने का आरोप लगाते हुए वे सड़कों पर उतर पड़ते हैं और समुदाय विशेष को निशाना बनाने के अपने हिंसक और विध्वंसात्मक अभियान में लग जाते हैं। खासकर मुस्लिम देश जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध में खड़े हैं, तब यह सवाल पैदा होता है कि यह दुनिया क्या मुस्लिमों और गैर मुस्लिमों में विभाजित हो जाएगी। मैंने यह पाया है कि हाल के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में अनेक शिक्षकों पर हमला बोला गया है, जिनमें से ज्यादातर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से हैं। ऐसा लगता है कि वहां का बहुसंख्यक समुदाय हिंदुओं को अब शिक्षकों के पद पर नहीं देखना चाहता। हिंदुओं की जमीन और संपत्ति पर पहले ही कब्जा हो चुका है, अब उनको शिक्षकों के सम्माननीय पेशे से हटाने की तैयारी है। स्वपन्‍कुमार बसु को अपमानित करने के कुछ ही दिन बाद आशुलिया में एक मुस्लिम छात्र ने हिंदू शिक्षक की क्रिकेट के विकेट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उस शिक्षक का दोष क्या था उन्होंने एक छात्रा के साथ दुर्व्यवहार के मामले में उस छात्र को डांटा था। चूंकि वह छात्र स्कूल के मालिक का रिश्तेदार बताया जाता है, ऐसे में, मानना मुश्किल है कि उसे अपने अपराध की सख्त सजा मिलेगी। हालांकि हिंदू शिक्षकों को निशाना बनाने के विरोध में बांग्लादेश में कई जगहों पर प्रदर्शन भी हुए हैं, समाज में बढ़ती कट्टरता के खिलाफ आवाज उठाई गई है। लेकिन अच्छी चीजों के बजाय बुरी चीजों का असर और प्रसार ज्यादा होता है। इसीलिए मानवता के पक्ष में उठी आवाजों की तुलना में सांप्रदायिक विद्वेष और फतवा देने की प्रवृत्ति ही चर्चा में ज्यादा रहेगी। पूरे बांग्लादेश का एक जैसा हाल है। अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। क्या बांग्लादेश को सौ फीसदी मुस्लिम देश बनाने का लक्ष्य है? यही हाल रहा, तो बांग्लादेश के अफगानिस्तान में बदलने में देर नहीं लगेगी। नाच-गाना, नाटक-सिनेमा सब पर प्रतिबंध लग जाएगा। नारी-विद्वेषी, गणतंत्र-विरोधी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुश्मन पूरे देश पर काबिज हो जाएंगे। बांग्लादेश में शरिया कानून लागू हो जाएगा। लड़कियों की शिक्षा और नौकरी पर अंकुश लग जाएगा और महिलाओं के लिए बुर्का पहनना अनिवार्य हो जाएगा। नड़ाइल की घटना के कुछ ही दिन बाद भारत में राजस्थान के उदयपुर में एक नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। दो कट्टरवादी मुस्लिमों ने एक हिंदू दर्जी की सिर्फ इसलिए गला काटकर हत्या कर दी कि उसने नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। यही नहीं, हत्यारों ने उस हत्याकांड का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर दिया। भारत में इन दिनों हिंदू-मुस्लिम तनाव बढ़ रहा है। ऐसे माहौल के बीच आईएस की तरह हत्या करने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का नतीजा भयंकर हो सकता है, क्या हत्यारे यह नहीं जानते थे? जाहिर है, इसके जरिये भारत में सांप्रदायिक विद्वेष और हिंसा फैलाने की मंशा थी। बेशक उदयपुर की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना की प्रतिक्रिया में हिंसा की वैसी कोई घटना नहीं हुई, लेकिन यह भी सच है कि स्थिति सामान्य होने में लंबा वक्त लगेगा। यही नहीं, भारत के आम मुसलमानों को लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी और हिंदुओं के बीच मुस्लिम विद्वेष बढ़ेगा। अभी जो स्थिति है, वही कम डरावनी नहीं है। पूरे उपमहाद्वीप में कट्टरवादियों की भीड़ जलाओ, मार डालो, गिरफ्तार करो, फांसी दो जैसी मांग कर रही है। धार्मिक भावना पर चोट लगने की बात कहते हुए कट्टरवादी लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन ही नहीं कर रहे, बल्कि सामने वाले का अस्तित्व मिटा देने की कोशिश तक में लगे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। धार्मिक रूप से कट्टरवादी जिस तरह मुस्लिम समुदाय में हैं, उसी तरह हिंदू समुदाय में भी हैं। और समाज में कट्टरवाद बढ़ने से हिंदू-मुसलमान, किसी की भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। ऐसे में, सबसे ज्यादा मुश्किल उदारवादियों को होती है। कट्टरवाद के इस व्यापक दौर में वे कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। सांप्रदायिक घृणा की भावना फैलाने और दंगा-फसाद करने से आम हिंदू-मुसलमानों का कोई भला नहीं होता, इसका फायदा राजनेताओं और राजनीतिक दलों को ही मिलता है। लेकिन विडंबना यह है कि इसके बावजूद आम लोग कोई सबक नहीं सीखते।

# अब बाजार के हवाले मां का दूध, नैतिकता और मुनाफे से ज्यादा जरूरत की है बात

दुग्ध बैंक की अवधारणा की वकालत करने वाले आज इसके दुरुपयोग पर खामोश क्यों हैं? मां द्वारा स्तनपान कराने का कोई विकल्प नहीं होता। मांओं के पाश्चुरीकृत दूध में उतने पोषक तत्व नहीं होते, जितने स्तनों से दूध पिलाने पर शिशुओं को मिलता है।बंगलूरू स्थित नियोलैक्टा लाइफ साइंस प्रा. लि. नामक कंपनी द्वारा मां के दूध को पाश्चुरीकृत करके बेचने के मामले में एक साथ कई तरह के मानवीय और नैतिक प्रशन्‍ उठ खड़े हुए हैं। ब्रिटेन के डॉ. माइकल नामैन और अर्थशात्री सुसान न्यूमैन ने दिसंबर, 2020 में इस मामले की छानबीन कर एक आलेख प्रकाशित कराया था, जिसमें बताया गया था कि इस कंपनी ने एनजीओ के माध्यम से गरीब माताओं को लालच देकर दूध बटोरा और उसे डिब्बा बंद कर बाजार में ऊंची कीमत पर बेचना शुरू किया है। मामले के प्रकाश में आने के बाद 'फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई)' ने कंपनी के लाइसेंस को रद्द कर दिया, क्योंकि मां के दूध का व्यापार गैर कानूनी है। कंपनी ने एफएसएसएआई द्वारा कार्रवाई के बाद भी चालबाजी जारी रखी और ब्रांड नाम बदलते हुए 'नारी क्षीर' नाम से नवंबर, 2021 में आयुष लाइसेंस प्राप्त कर लिया। ब्रेस्ट फीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया की नूपुर बिड़ला ने माताओं से दूध जमा कर, बेचने की अनुमति दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया था। कम अवधि में जन्म लेने वाले बच्चों का जीवन बचाने के लिए दानदाता माताओं के दूध से दुग्ध बैंक बनाकर दूध पिलाने का प्रावधान तो है, मगर गरीब माताओं की मजबूरी का फायदा उठाते हुए थोड़े से पैसे का लालच देकर उनका दूध लेना और उसे बाजार में 4,500 रुपये प्रति 300 मिलीग्राम पर बेचना अपराध की श्रेणी में आता है। मानव दूध बैंकिंग एसोसिएशन के डॉ. सतीश तिवारी ने इसे घिनौना कृत्य बताया है। यूनिसेफ भी ऐसे कृत्य को अनुचित मानती है और कंबोडिया जैसा गरीब मुल्क भी अमेरिकी कंपनियों के दबाव के बावजूद, अपने यहां ऐसे कृत्य को रोके हुए है। कुछ वर्ष पूर्व जब दुग्ध बैंक की अवधारणा सामने आई थी,



तभी आशंका जताई गई थी कि आने वाले दिनों में इसका दुरुपयोग हो सकता है। अमीर महिलाएं अपनी सुंदरता बरकरार रखने के लिए अपने शिशु को अपना दूध न पिलाकर, ऐसी कंपनियों के माध्यम से गरीब माताओं का दूध खरीदेंगी और दूसरों की कीमत पर अपने बच्चे पालेंगी। मां की कोख उधार लेकर (सेरोगेसी) बच्चा पैदा करने का विकल्प पहले से खुला हुआ है। बाजार ने अब मां की ममता और दूध, दोनों को बिकाऊ बना दिया है। ब्लड बैंकों का यथार्थ हमारे सामने है। ज्यादातर ब्लड बैंक साधन संपनन्‍ लोगों के काम आए हैं, वह भी गरीबों, लाचारों की कीमत पर, जो भूख और गरीबी से तंग आकर मजबूरीवश अपना खून बेचने को बाध्य होते हैं। ऐसे में हमें दुग्ध बैंक की अवधारणा के मानवीय पक्षों पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसी अवधारणा ने नियोलैक्टा जैसी कंपनी को मां का दूध बेचने की इजाजत दी है। यह कम दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है कि कुपोषित गरीब मांओं को मजबूरीवश दूध बेचना पड़ रहा है और संपनन्‍ घरों की महिलाएं अपने सौंदर्य को बनाए रखने के लिए उनका दूध खरीद रही हैं। हमारे देश की गरीब मांओं का स्वास्थ्य इतना बेहतर नहीं होता कि उन्हें प्रचुर मात्रा में दूध हो। जाहिर है, जब आप उनसे उनका दूध खरीद लेंगे, तो वे अपने शिशुओं का पेट नहीं भर पाएंगी। उनके पास अपने शिशुओं को खिलाने-पिलाने के लिए कोई और विकल्प नहीं होता। इसलिए उनके बच्चे कमजोर होंगे। दुग्ध बैंक की अवधारणा की वकालत करने वाले आज इसके दुरुपयोग पर खामोश क्यों हैं? मां द्वारा स्तनपान कराने का कोई विकल्प नहीं होता। मांओं के पाश्चुरीकृत दूध में उतने पोषक तत्व नहीं होते, जितने स्तनों से दूध पिलाने पर शिशुओं को मिलता है। मांएं अपने स्तनों से बच्चों को लगाकर जब दूध पिलाती हैं, तब न केवल पोषक तत्वों की भरपाई करती हैं, बल्कि संवेदनात्मक अनुभूति का आदान-प्रदान भी करती हैं। अपनी मां का स्तनपान करने वाले शिशुओं में मां के प्रति जो भाव उत्पनन्‍ होते हैं, वह बाजारू दूध से कतई पैदा नहीं हो सकते। हमें किसी भी कीमत पर गरीब मांओं के दूध को बाजार के हवाले करने से रोकना चाहिए। यह हजारों गरीब शिशुओं के स्वास्थ्य का सवाल है।

# विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निर्णय लेने वाले नेता, गजब था उनका व्यक्तित्व

चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निणन्य लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था। 8 जुलाई को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि है। उनको याद करते हुए एक ऐसे राजनीतिक शख्सियत का चेहरा सामने आता हैं, जो बिना राजनीतिक नफा-नुकसान की परवाह किए, देशहित में दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए देश के सामने अपनी बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। यारों के यार तो वे थे ही, अपने निजी सरोकारों के निभाने में भी उनका कोई जबाब नहीं था। चंद्रशेखर जी की विपरीत परिस्थितियों में साहसिक निणन्य लेने की परख उस वक्त भी देखने में आई, जब प्रथम खाड़ी युद्ध शुरू हुआ और देश के सामने विदेशी मुद्रा का भारी संकट था। ऐसी विकट परिस्थिति आ गई थी कि जरूरी वस्तुओं के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया था। जीवनरक्षक दवाओं के आयात के लिए भी एक हफ्ते का विदेशी मुद्रा शेष था। पेट्रोलियम पदार्थों के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा की लगभग वैसी ही स्थिति थी। तब केंद्र में चंद्रशेखर जी की अल्पसंख्यक सरकार कांग्रेस के सहयोग से चल रही थी। देश के सामने रिजर्व बैंक का सोना गिरवी रखकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 'लोन' लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। तत्कालीन आई एम एफ के चेयरमैन भारत पर कर्ज के एवज में मनमानी शर्तें थोपने पर आमादा थे। यह मानकर कि यह सरकार अल्पसंख्यक है और ज्यादा दिन चलेगी नहीं। आई एम एफ चेयरमैन ने बातचीत के सिलसिले में ही एक बार यहां तक हिदायत दे दिया कि, अगर हम कर्ज देने से मना कर दिए, तब आप क्या करेंगे? चन्द्रशेखर जी का सीधा जबाब था कि- एक तो शर्तों के मुताबिक आप ऐसा कर नहीं सकते, दूसरा अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं इस मीटिंग से उठकर सीधे आकाशवाणी (तब टीबी का नेटवर्क इतना बड़ा नहीं था) जाऊंगा और देशवासियों से अपील करूंगा कि आईएमएफ से कर्ज मिलने की संभावनाएं खत्म हो चुकी है। आप सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि आप आने वाले कठिन समय का मुकाबला करने के लिए तैयार रहें। जब कभी



बातचीत के दौरान चंद्रशेखर जी पूछा जाता था कि, देश का सोना गिरवी रखते हुए आपको यह नहीं लगता था कि इससे देश की बदनामी होगी? चंद्रशेखर जी का बेबाक जबाब होता था कि- आखिर अपने घर की बहू-बेटियों के लिए सोने के गहने-जेवरात किस लिए दान दिए जाते हैं? उसके पीछे असली मकसद यहीं होता है कि- किसी विपरीत परिस्थिति में वे अपना गहना-जेवर गिरवी रखकर अपना जीवन निर्वाह करें। महज श्रृंगार के लिए ही गहने-जेवर नहीं होते हैं। यह एक ठेठ गवई मन के सोच का ही नतीजा है, जो प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चंद्रशेखर जी के पूरे व्यक्तित्व में आजीवन बरकरार रहा। चंद्रशेखर जी का याराना चंद्रशेखर जी की यारबाजी भी राजनीति में खासा चर्चा में रहीं। वे बदनामी की परवाह किए बिना इन रिश्तों को निभाते थे। पूरे देश और दुनिया में इसकी लंबी फेहरिस्त हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय हथियार व्यवसायी अदनान खशोगी से लेकर चर्चित स्व चंद्रास्वामी और उनके ही जिले के कोयलांचल में बाहुबली विधायक रहे सूरजदेव सिंह तक शामिल हैं। उनके साथ अपने रिश्तों को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने में भी उन्हें कभी गुरेज नहीं था। यही नहीं उनके राजनीतिक जीवन में दो-तीन बयानों की वजह से भी उनका खासा नुकसान हुआ, पर उसकी वे परवाह नहीं करते थे। एक ऐसा ही वाकया है- जब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री काल में 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल अमृतसर के गुरुद्वारा साहिब में सेना भेजने का निणन्य लिया गया। चंद्रशेखर जी ने इंदिरा गांधी की सरकार के इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण कहा। उस वक्त पंजाब में जिस तरह की आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही थीं, उसके मद्देनजर इंदिरा गांधी की इस सैन्य करवाई को एक तरह से व्यापक जन समर्थन प्राप्त था। इस बयान की वजह से ही राजनीतिक रूप से जागरूक बलिया संसदीय क्षेत्र से चंद्रशेखर जी को चुनाव हारना पड़ा। पर उसका दुष्परिणाम यह भी हुआ कि 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की घटना से आहत प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गाँधी को अपने अंगरक्षक सिख सिपाहियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। चंद्रशेखर जी के लिए कभी भी निजी रिश्तों के मामले में राजनीतिक विचारधारा उनके आड़े नहीं आई।भाजपा नेताओं में अटल बिहारी वाजपेयी से उनके निजी और प्रगाढ़ सम्बन्ध थे, तो शरद पवार और मुलायम सिंह यादव और लालू प्रसाद यादव से भी उनके वैसे ही सम्बन्ध रहे हैं। गाहेबगाहे चंद्रशेखर जी इनकी ऐसी मदद करते थे, जो कोई सोच भी नहीं सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी को भले वे अपना गुरुदेव मानते थे, पर नीतिगत मामलों उनकी जोरदार तरीके से आलोचना करने में भी कभी संकोच नहीं करते थे। इसकी कई मिशालें लोकसभा में हुई तब की हुई बहसों में भी देखा जा सकता है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार से जयललिता के समर्थन वापसी के बाद सोनिया गांधी अपनी सरकार बनाने की गर्ज से मदद मांगने के लिए चंद्रशेखर जी के पास पहुंची। तब चंद्रशेखर जी विश्वासमत का सामना कर रही, वाजपेयी सरकार के खिलाफ 'वोटिंग' के दौरान तटस्थ रहने का मन बना चुके थे। चंद्रशेखर जी वाजपेयी सरकार के उदारीकरण-निजीकरण और वैश्विकीकरण के नीतियों के मुखर आलोचक थे। इन नीतियों के विरोध करने के लिए चंद्रशेखर को संघ के स्वदेशी जागरण मंच पर जाने में भी कोई गुरेज नहीं था। पर वे अपनी इस समझ पर भी कायम रहें कि भाजपा कोई स्वतंत्र राजनीतिक दल नहीं, बल्कि संघ की एक राजनीतिक ईकाई मात्र है। वाजपेयी सरकार आर्थिक नीतिगत मामलों पर उन नीतियों को बड़ी तत्परता से लागू कर रही थी, जिसे नरसिम्हा राव-मनमोहन सिंह ने आगे बढ़ाया था। चंद्रशेखर जी ने कांग्रेस-भाजपा की उन नीतियों का कभी समर्थन नहीं किया, इसलिए वे ऐसी परिस्थिति में कांग्रेस को भी समर्थन नहीं कर सकते थे। पर उनके सामने दुविधा यह थी कि अपने दरवाजे आई विधवा और कांग्रेस की प्रमुख नेता सोनिया गांधी को समर्थन देने से मना कैसे करें दूसरे दिन वे सोनिया गांधी के घर गए और उन्हें बताया कि क्यों उनकी सरकार बनाने में वे मदद नहीं कर सकते है। चंद्रशेखर जी के इस मनाही से यह सबक सीखा जा सकता है कि अपने दरवाजे पर मदद मांगने के लिए आए अपने दुश्मन को भी कभी 'ना' नहीं चाहिए। मौजूदा परिदृश्य में चंद्रशेखर जी आज मुलायम सिंह यादव और लालू प्रसाद यादव भले रिश्तेदार हैं। पर इन दोनों प्रतिष्ठित परिवारों के बीच राजनीतिक वजहों से कभी वह घनिष्ठता नहीं आई जिसको निभाने के लिए चंद्रशेखर जी कुख्यात होने तक की जोखिम उठाने से परहेज नहीं करते थे। लालू जी बीमार हैं, चारा घोटाला मामले में अभी जमानत पर भी हैं। आप कल्पना करें कि चंद्रशेखर जी इस वक्त होते तो क्या करते पहला काम तो वे खुद कई बार जेल जाकर लालू जी से मिलते। दूसरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहते कि लालूजी को देश-विदेश जहां कहीं बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा उपलब्ध हो, उसकी व्यवस्था करें। पर अभी तक मुलायम सिंह के पारिवारी जनों में से किसी की लालूजी से मिलने की सूचना नहीं है। हालांकि मुलायम सिंह इस वक्त खुद भी अस्वस्थ है। जब वे स्वस्थ थे, तब एक सांसद ने उन्हें सलाह दी थी कि लालू जी से इस वक्त जेल में जाकर आपको मिलना चाहिए। तब मुलायम सिंह ने लालू प्रसाद से मिलने से मना कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंहर देहात क्षेत्र के ग्राम देवरा में मतदाताओं पर भारी उत्साह हो रहा शांतिपूर्वक मतदान

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।** तीसरे चरण का मतदान हुआ शुरू ,देवरा पंचायत में सुबह से लगी लंबी भीड ,लोग सुबह से ही अपने मतदान का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंच रहे हैं आज तीसरा और अंतिम चरण का चुनाव है जिसको लेकर मतदाताओं में भारी उत्सुकता देखने को मिल रही है और सुबह से ही लोगों की लंबी भीड़ देखने को मिल रही है लेकिन कुछ प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को आने-जाने में हो रही परेशानी क्योंकि यह गेट पर जमावड़ा (गचर) मचा कर रखे है सुरक्षा बल में आ रही कमी आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन।

### पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश

**उत्तराखंड।** मलबा व बोल्डर आने से 11 स्टेट हाईवे बंद, टिहरी झील का जलस्तर बढ़ापहाड़ से लेकर मैदान तक शुक्रवार को भारी बारिश हुई। बारिश के कारण टिहरी झील का जलस्तर लगातार बढ़ने लगा है। शुक्रवार को जलस्तर आरएल 757.35 मीटर पहुंचा। दूसरी ओर बारिश से उत्तराखंड की में 195 मोटर मार्ग बंद हैं। जबकि 11 स्टेट हाईवे पर भी आवाजाही ठप है। इसके अलावा 67 ग्रामीण सड़कें नहीं खोली जा सकीं हैं। देहरादून, नैनीताल, पौड़ी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, ऊधमसिंह नगर में मौसम विभाग ने शुक्रवार को भारी बारिश के आसार है। इसको देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन जिलों में ज्यादातर इलाकों में तेज गर्जना के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई थी, कुछ जिलों में सुबह से कोहरा छाया रहा, जबकि दोपहर बाद तेज बारिश शुरू हुई।

# भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई.......

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** सेक्टर 116 में भाजपा द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की जयंती को पूरे धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर ज़िले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता



पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हुए। महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने हेतु दिया था। उनके सपनों को साकार करने का काम वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता यह नारा बार बार लगाते थे कि जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। इस नारे को साकार करने का काम देश के प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी ने चल रहे वृक्षारोपण के कार्यक्रम के तहत पौधे भी लगाए। मनोज गुप्ता ने कहा हम सबको राजनीति के साथ साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए इसीलिए भाजपा पूरे देश में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी कर रही है। मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर ने बताया कि 1 जुलाई से चल रहे इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में 10000 पेड़ हर बूथ पर लगाने है, और इसके चलते कल (5 जुलाई) दे 6 जुलाई को महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 20 पेड़ पर बूथ पर लगाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री उमेश त्यागी, सह संयोजक एस पी चमोली ओर उमेश यादव हर बूथ की मोनेटरिंग कर रहे हैं। जिले की पूरी कार्यकारिणी के साथ सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें महामंत्री चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, डिम्पल आनंद, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, युधवीर चौहान, राकेश शर्मा, मंत्री प्रमोद बहल, चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मंडल अध्यक्ष पंकज झा, कल्लू सिंह, गोपाल गौर, बबलू यादव, शारदा चतुर्वेदी, उमेश यादव, आदि लोग मजूद रहे।

# तीन दिन में कुल 1094307 पौधे किये रोपित

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 35 करोड़ वृक्षारोपण योजना के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में कुल 921 स्थलों पर 1198096 वृक्षारोपण किया जाना निर्धारित है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उक्त वृक्षारोपण कार्य के लिए दिनांक 05.07.2022 06.07.2022 07.07.2022 व 15.08.2022 नियत की गयी हैं। जिला वनाधिकारी गौतम बुद्ध नगर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 05.07.2022 को सम्पूर्ण जनपद में विभिनन शासकीय विभागों द्वारा 908945 पौधों का रोपण किया गया था। उक्त वृक्षारोपण कार्य के द्वितीय दिनांक 06.07.2022 को भी जनपद गौतम बुद्ध नगर में पौधारोपण कार्य किया गया, जिसमें सम्बन्धित राजकीय विभागों/ संस्थाओं द्वारा 87900 पौधे रोपित



किये गये। उक्त वृक्षारोपण के तृतीय दिवस दिनांक 07-07-2022 को भी जनपद गौतमबुद्धनगर में पौधारोपण कार्य किया गया, जिसमें सम्बन्धित राजकीय विभागों/ संस्थाओं द्वारा 97462 पौधे रोपित किये गये। इस प्रकार इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन दिवसों मे जनपद गौतमबुद्धनगर में अब तक कुल 1094307 पौधे रोपित किये जा चुके है जो निर्धारित लक्ष्य 106.5 प्रतिशत रहा उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 07.07.2022 को मुठियानी ग्राम समाज, एन0टी0पी0सी0 रेंज में वन महोत्सव के अन्तर्गत फूड फॉरेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किताब सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी एन0टी0पी0सी0 रेंज, ग्राम प्रधान मुठियानी, सी0आई0एस0एफ0 के आधिकारी/कर्मचारी, एन0टी0पी0सी0 के अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा भाग लेकर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उसकी देख-भाल एवं जल संचय करने की अपील की।

# 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के कुशल नेतृत्व में 13 अगस्त, 2022 को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील न्यायालयों में होने जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, पूर्णकालिक शिवानी त्यागी ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व पानी से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोजित लोक अदालत को जनपद में सफल बनाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा अपनी विभागीय तैयारियॉ पूर्ण करने की कार्यवाही समय रहते कर ली जाये, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण संभव हो सकें।

# रोटरी क्लब ग्रेनो ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** रोटरी क्लब के सचिव विकास गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व पंजाब केसरी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर डॉक्टर चौहान संजीवनी हॉस्पिटल गामा 1 में लगाया गया । डॉक्टर डीएस चौहान ने बताया कि शिविर में लगभग 150 लोगों ने फिजिसीयन , बाल रोग विशेषज्ञ, फ़िजियोथरेपिसत, ईएनटी, डेंटिस्ट प्लास्टिक सर्जन , स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि डॉक्टर से निशुल्क जाँच करायी । हॉस्पिटल द्वारा ब्लड टेस्ट , अल्ट्रसाउंड , ईसीजी , एक्सरे आदि टेस्ट पर 50ज्ञ् की छूट दी गयी स्वास्थ्य जाँच शिविर में विनय गुप्ता , मुकुल गोयल , कपिल गुप्ता , विकास गर्ग , कपिल शर्मा , शुभम सिंघल , अशोक सेमवा शुभम गोयल , मोहित बंसल , सौरभ अग्रवाल , मोहित भाटी , राकेश शर्मा , अशोक अग्रवाल , मानसी गोयल , निधि गुप्ता , ऊषा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। हॉस्पिटल के चेयरमेन ड़ा डीएस चौहान , ड़ा प्रमिला चौहान , ड़ा शुभम मित्तल , ड़ा निधि, ड़ा नेहा बिधुरी , ड़ा दीपक राठोर व हॉस्पिटल का नर्सिंग स्टाफ़ उपस्थित रहा।

# जल शक्ति अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव हैवी इंडस्ट्रीज मंत्रालय एवं सेंट्रल नोडल ऑफिसर विजय मित्तल के द्वारा किया गया गहन स्थल निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रैन नारे को सफल बनाने एवं जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में संचालित हो रही गतिविधियों को मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाने तथा जनपद में इस उद्देश्य को लेकर हुए अच्छे कार्य की सक्सेस स्टोरी बनाए जाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव हैवी इंडस्ट्रीज मंत्रालय भारत सरकार एवं सेंट्रल नोडल ऑफिसर जनपद गौतम बुद्ध नगर तथा उनकी टीम के अधिकारियों द्वारा आज जनपद में गहन स्थल निरीक्षण करते हुए जल शक्ति अभियान से संबंधित जनपद में संचालित हो रही गतिविधियों में गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त सचिव के द्वारा अपने भ्रमण के दौरान विकास भवन के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक में अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार का यह बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से ग्राउंड वाटर को संरक्षित करने एवं पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 75 तालाब अमृत सरोवर बनाए जाने के उद्देश्य से चयनित किए गए हैं, चयनित सभी तालाबों का कार्य नवंबर माह तक आवश्यक रूप से पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अतः सभी संबंधित अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। समस्त संबंधित अधिकारीगण जल शक्ति





अभियान से जुड़े हुए सभी कार्यक्रमों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा करने के साथ-साथ अपने अपने स्तर पर बड़े बड़े जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएं ताकि ग्राउंड वाटर को संरक्षित करने के साथ-साथ पानी के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में भी जनपद में अच्छे प्रयास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जल शक्ति अभियान से जुड़े हुए जनपद में संचालित हो रहे कार्यक्रमों की गहन समीक्षा में पाया कि सभी प्राधिकरण के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा अच्छे प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर जनपद उत्तर प्रदेश के लिए फेस के रूप में काम करता है। जनपद में जो अच्छे कार्यक्रम जल शक्ति अभियान को लेकर पूर्ण किए जा रहे हैं, उनकी सक्सेस स्टोरी बनाकर भारत सरकार के पोर्टल पर पोस्ट की जाएं ताकि भारत के अन्य प्रदेश एवं जनपद गौतम बुद्ध नगर के मॉडल के आधार पर अपने-अपने जनपदों में इस अभियान को लेकर गतिविधियां संचालित कर सकें। इस अवसर पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई हिमांशु गौतम ने पीपीटी के माध्यम से संयुक्त सचिव को जनपद में किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। संयुक्त सचिव के द्वारा जल शक्ति अभियान को लेकर जनपद में किए गए अच्छे प्रयासों की बैठक में सराहना की गई। बैठक में डीएफओ पीके श्रीवास्तव ने जनपद में संचालित किए जा रहे वृक्षारोपण के संबंध में विस्तार परक जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि वर्तमान तक 90ज्ञ् से अधिक लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र के द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर संयुक्त सचिव को आश्वस्त किया कि जल शक्ति से जुड़े हुए कार्यक्रम को जनपद में सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराते हुए सभी कार्यों को समय पर पूरा कराने की कार्यवाही की जाएगी। इससे पूर्व संयुक्त सचिव के द्वारा सेक्टर 51 नोएडा में इन सीटू वेटलैंड, सेक्टर 91 में वेटलैंड एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग का स्थल निरीक्षण भी किया गया। संयुक्त सचिव की टीम द्वारा बैठक के उपरांत ग्राम पंचायत सैथली में पहुंच कर वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, श्रमदान अमृत सरोवर, सोक पिट उपरांत नोएडा के सेक्टर 54 में वेटलैंड, सेक्टर 33 में वेटलैंड एवं अक्रियाशील बोरिंग का निरीक्षण किया गया।

# चिपचिपी गर्मी से परेशान लोग

**नई दिल्ली।** झमाझम बारिश का इंतजार अगले 48 घंटे में होगा खत्म राजधानी में झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे लोगों का इंतजार अगले 48 घंटे में खत्म होगा। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए दिल्ली में तेज बारिश की संभावना जताई है। इससे अधिकतम के साथ-साथ न्यूनतम पारे में कमी होगी व लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, बृहस्पतिवार को भी मानसून रूठा रहा और लोग चिपचिपी गर्मी से परेशान रहे। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राजधानी में जून के आखिरी सप्ताह से शुरू हुआ नमी भरी हावाओं का दौर जारी है। यह हवाएं अपने साथ पूर्वी दिशा से बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर पहुंच रही हैं, जो कि बारिश के रूप में दिल्ली में बरसती है। वर्तमान में मानसून की अक्षीय रेखा मध्य भारत में सक्रिय है। इस वजह से राजधानी में लोगों का बारिश का इंतजार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की स्थिति में लोगों के लिए गर्मी अधिक परेशानी का सबब बनती



है। हवाओं में नमी का स्तर 80 फीसदी से अधिक होने व तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने पर इंसानों द्वारा इसे सहना मुश्किल हो जाता है, जबकि विदेशों में ऐसी स्थिति होने पर आमतौर पर बाहरी गतिविधियों को बंद कर दिया जाता है। मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन अधिक 39.1 व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो अधिक 30 डिग्री सेल्सियस रहा। हवाओं में नमी का स्तर 52 से 83 फीसदी दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली के पूसा मानक केंद्र पर पारा 40.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे में सूरज आपकी आंखों को और चुभेगा। नतीजन दिल्ली में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वहीं, नमी का स्तर अधिक होने की वजह से उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहेगा। हालांकि, कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी दर्ज की जा सकती है, लेकिन इससे अधिक राहत मिलने के बजाय उमस बढ़ेगी। विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार को दिल्ली में तेज बारिश की संभावना है। इससे तापमान गिरकर 33 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।

# बिलासपुर में बादल फटा कई मकान क्षतिग्रस्त......

**बिलासपुर।** पशुशाला मे बंधे पशु भी तेज बहाव में बहेपिछले 24 घंटे के दौरान मंडी जिले के कटौला में 125.6 मिमी, बल्द्वाड़ा में 79.0 मिमी, सरकाघाट में 77.3 मिमी बारिश हुई है। बिलासपुर के बरठीं में 84 मिमी और घुमारवीं में 92.4 मिमी बारिश हुई है। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत कूह



मझवाड़ में बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। बीती रात क्षेत्र में भारी बारिश हो हुई। देर रात लगभग दो बजे जोरदार धमाका हुआ जिससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई है यह बादल गांव भगौट, पालगरी व पड़गेल में फटा। जिससे पड़गेल नाला भारी उफान के साथ बहता हुआ दिखा। पानी के तेज बहाव में चार पशुशाला बह गई व कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। पशुशाला मे बंधे पशु भी पानीं में बह गए और कुछ दब गए हैं। सरवन पुत्र ख्यारू व महंत राम पुत्र ख्यारू की दो गोशालाएं पानी के बहाव में बह गई हैं। इन दोनों गोशालाओं के अंदर बंधी दो भैंस व 7 बकरियां भी पानी में बह गई है। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। यह जानकारी पंचायत प्रधान रेखा देवी ने दी है। उन्होंने बताया कि गत रात्रि बादल फटने से क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है जिसमें लोगों की जमीन भी तबाह हो गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान मंडी जिले के कटौला में 125.6 मिमी, बल्द्वाड़ा में 79.0 मिमी, सरकाघाट में 77.3 मिमी बारिश हुई है। बिलासपुर के बरठीं में 84 मिमी और घुमारवीं में 92.4 मिमी बारिश हुई है। हमीरपुर के भराड़ी में 107.0 मिमी, सुजानपुर टीहरा 79.0 मिमी और शिमला के रोहड़ू में 72 मिमी बारिश हुई है।

# नदी के तेज बहाव में बही पंजाब के पर्यटकों की कार

**उत्तराखंड।** सवार दस लोगों में नौ की मौतशुक्रवार सुबह उत्तराखंड के रामनगर में बड़ा हादसा हो गया। पंजाब के पटियाला निवासी पर्यटकों की कार



रामनगर के ढेला नदी के तेज बहाव में बहने से नौ लोगों की मौत हो गई। इनोवा कार में सवार दस पर्यटक ढेला रामनगर स्थित रिसॉर्ट में प्रवास कर लौट रहे थे।रामनगर के ढेला नदी के रापटे में सुबह पर्यटकों की कार तेज बहाव में बह गई। कार में सवार दस लोगों में नौ की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार रामनगर की सरकारी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है। पर्यटक पंजाब के पटियाला निवासी बताए गए हैं। स्थानीय पुलिस व अगिन्शमन दल मौके पर मौजूद है।एक इनोवा कार में सवार दस पर्यटक जो ढेला रामनगर स्थित रिसॉर्ट में प्रवास कर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सुबह 5:45 के आसपास पर्यटक ढेला नदी के रास्ते पर पहुंचे ही थे कि नदी में आए तेज बहाव में उनकी कार बह गई। कार मे सवार चार पर्यटकों के शव पुलिस द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। एक युवती नाजिया उम्र 22 वर्ष को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि कार में अभी पांच लोगों के शव हैं, जिन्हें निकालने का प्रयास चल रहा है। कार को नदी से निकालने के लिए क्रेन को मौके पर बुलाया गया है। मृतकों में तीन युवक व छह महिलाएं शामिल हैं।घायल युवती का अस्पताल में उपचार चल रहा है, अभी वह सदमे में है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पर्यटक पटियाला पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो ढेला के रिसॉर्ट में आए थे और सुबह लौट रहे थे।

# धर्मनगरी में मां काली के भक्तों में आक्रोश

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता मणि मे कलाई समेत 11 के खिलाफ केसडॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' के



पोस्टर को लेकर विवाद लगातार जारी है। इस पोस्टर पर मां काली को जिस तरह से दर्शाया गया है वह विवादों का कारण बन रहा है। धर्मनगरी हरिद्वार में भी मां काली के भक्तों में आक्रोश दिखा। यहां निर्माता लीना मणिमेकलई सहित 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मां काली का पोस्टर में अपमान करने के मामले में फिल्म निर्माता लीला मणिमेकलाई समेत 11 के खिलाफ पुलिस ने हिन्दू युवा वाहिनी के संगठन मंत्री की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर किया है। कनखल थाना प्रभारी मुकेश चौहान के मुताबिक विक्रम सिंह राठौर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हिन्दू युवा वाहिनी स्थान सिद्धपीठ श्री दक्षिण काली मन्दिर चीला रेंज ऋषिकेश रोड हरिद्वार व आदिशक्ति महाकाली आश्रम कनखल ने मामले शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई द्वारा मां काली का एक ऐसा पोस्टर जारी किया गया है जिसमें मां काली को सिगरेट पीते हुए अभद्र तरीके से दर्शाया गया है, जिससे करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई है। राठौर ने बताया कि यह पोस्टर दो जुलाई को रिलीज हुआ था और इसे कनाडा के एक 'प्रोजेक्ट अंडर द टैंट' के तहत प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन टोरंटो (कनाडा) के आगा खांन म्यूजियम में हुआ था। शिकायत मिलने के बाद कनखल पुलिस ने निर्माता लीना मणिमेकलाई , सहायक निर्माता, तीन को राइटर एडिटर सहित फिल्म काली की पूरी टीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फ्रेंडशिप तोड़ने से गुस्से में था शिवम

**नई दिल्ली।** दोनों के बीच थी तीन साल पुरानी दोस्ती जांच के दौरान छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले उन लोगों ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी। आरोपी छात्रा का पीछा करता था और उसे लगातार फोन कर परेशान करता था तिलक नगर में दोस्ती तोड़े जाने से गुस्साए एक युवक ने 12वीं कक्षा





में पढ़ने वाली छात्रा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। छात्रा पर चाकू से करीब आधा दर्जन वार किए गए हैं। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके पर अपनी स्कूटी छोड़कर फरार हो गया था, हालांकि पुलिस स्कूटी को जब्त कर आरोपी की तलाश में दबिश दी और देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी छात्रा के पड़ोस में रहता है। छात्रा अपनी मां, बहन और एक भाई के साथ तिलक विहार इलाके में रहती है। उसके पिता का देहांत हो चुका है। छात्रा तिलक विहार के एक निजी स्कूल की 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। परिजनों ने बताया कि छात्रा गुरुवार सुबह करीब 7.15 बजे अपनी स्कूटी से स्कूल जाने के लिए निकली थी। वह अपने साथ अपनी चचेरी बहन को भी स्कूल ले जाती थी। उसकी बहन का घर रास्ते में था। शाहपुरा के पास स्कूटी से आ रहे उसके पड़ोसी शिवम (22) से मुलाकात हुई। दोनों की तीन साल से दोस्ती थी। लेकिन कुछ माह पहले छात्रा ने दोस्ती तोड़ दी थी। इस बात से शिवम गुस्से में था। इस बात को लेकर दोनों के बीच कुछ बात हुई और आरोपी ने छात्रा पर चाकू से वार कर दिया एक के बाद एक करीब छह वार किए जाने से छात्रा वहीं गिर गई। शोर शराबा होने पर आस पास के लोग उसकी तरफ आने लगे। आरोपी अपनी स्कूटी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। लोगों को लगा सड़क हादसे में घायल हुई छात्रा घटनास्थल के पास से गुजर रही छात्राओं को लगा कि वह सड़क हादसे में घायल हो गई है। वह छात्रा के उसके बैग से उसकी पहचान पत्र निकालकर फोन नंबर पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। दुर्घटना की खबर मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को डॉक्टरों से हुई बातचीत में पता चला कि छात्रा की हत्या का प्रयास किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छह टीम गठित सूचना मिलते ही जिला पुलिस उपायुक्त मौके पर पहुंचे और छानबीन की। पुलिस अधिकारी ने मामले की जांच और आरोपी की धर पकड़ के लिए छह टीमें गठित की थीं। जांच के दौरान एक सीसीटीवी कैमरे में हमलावर को भागते हुए देखा गया था। पहले पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह घर से गायब मिला। पुलिस आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया। दो माह पहले छात्रा के परिवार वालों ने पुलिस से की थी शिकायत जांच के दौरान छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि दो माह पहले उन लोगों ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दी थी।

# सलमान खान के वकील को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा पत्र मिलने के



बाद अब उनके वकील हस्तमील सारस्वत को भी पत्र के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया करवाई है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बाद अब उनके वकील एच सारस्वत को भी पत्र के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस सचेत हो गई है और जांच शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही एच सारस्वत को सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान के वकील को यह धमकी लॉरेंस बिशनेई के गैंग से मिली है। पत्र में लिखे हैं संक्षिप्त नाम जानकारी के मुताबिक, सलमान के वकील को यह धमकी लॉरेंस बिशनेई के गैंग से मिली है। पत्र में कहा गया है कि वकील का हश्र भी सिद्धू मूसेवाला जैसा होगा। इसी के साथ लेटर में जीबी (उँ) एलबी (थँ) भी लिखा है। कथित तौर पर यह गोल्डी बरार और लॉरेंस बिशनेई के सांकेतिक नाम हैं। पुलिस ने शुरु की जांच रिपोर्ट के अनुसार, सलमान के वकील ने इस मामले में जोधपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि उन्हें एक पत्र के जरिए जाने से मारने की धमकी मिली है। मामला जानकारी में आने के बाद पूर्वी जोधपुर के एडीसीपी नाजिम अली का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और वकील एच सारस्वत को सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है।

# जब दोस्त एकता कपूर से शादी करना चाहते थे करण जौहर

**नई दिल्ली।** करण जौहर अपने चैट शो कॉफी विद करण की वजह से चर्चा में बने हुए हैं, जिसका सीजन 7 डिजनी प्लस हॉट स्टार पर टेलीकास्ट होने के लिए तैयार है। इस शो में करण जौहर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ गॉसिप करते हुए नजर आएंगे। हालांकि, करण जौहर की निजी जिंदगी भी काफी गॉसिप से भरी हुई है। उनका नाम कॉन्ट्रोवर्सी में तो आया ही है लेकिन क्या आप जानते हैं कि करण जौहर का




नाम एकता कपूर के साथ जुड़ चुका है। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है लेकिन एक बार करण जौहर ने एकता कपूर से शादी करने की इच्छा के बारे में बताया था। उन्होंने बताया था कि अगर उन दोनों की शादी हो जाती है तो उनकी मां सबसे ज्यादा खुश होगी। करण जौहर ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि अगर उन्हें एकता कपूर से कोई अच्छा पार्टनर नहीं मिला, तो वह दोनों ही शादी कर लेंगे। उन्होंने कहा था, 'मुझे नहीं लगता है मेरी लाइफ में कोई अच्छा पार्टनर आएगा। अगर मुझे और एकता को लाइफ में कोई अच्छा साथी नहीं मिलता है तो हम दोनों ही एक-दूसरे से शादी कर लेंगे।' इतना ही नहीं, करण ने मजाकिया अंदाज में ये भी बताया था कि अगर एकता से उनकी शादी हो जाती है तो उनकी मां बहुत खुश होंगी। उन्होंने कहा था, 'कोई खुश हो या न हो। लेकिन मेरी मां बहुत खुश होने वाली हैं।' हालांकि, करण जौहर के इस बयान पर एकता कपूर का भी रिएक्शन सामने आया था और उन्होंने भी मस्ती भरे अंदाज में करण से शादी के लिए 'हां' कहा था। एकता ने करण के इस बयान पर कहा था, 'मैं करण से शादी करना पसंद करूंगी। वह कब मुझे प्रपोज कर रहे हैं।

# मुगल-ए-आजम के लिए रिजेक्ट हो गए थे दिलीप कुमार, फिर ऐसे बनी थी बात

**नई दिल्ली।** दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार की आज पहली बरसी है। हिंदी सिनेमा में उनका काफी बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया। इनमें से एक फिल्म है, 'मुगल-ए-आजम'। यह हिंदी सिनेमा की एक कालजयी फिल्म है। इसे बनाने में पानी की तरह पैसा बहाया गया। फिल्म में





शहजादे सलीम का किरदार दिलीप कुमार ने निभाया और क्या खूब निभाया। वर्ष 1960 में रिलीज हुई इस फिल्म को के. आसिफ ने अपने खून-पसीने से सींचा, तो दिलीप कुमार सहित बाकी कलाकारों ने भी इस फिल्म को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि आज भी जब सलीम का नाम लिया जाता है तो एकबारगी मुगल-ए-आजम वाले दिलीप कुमार का चेहरा ही सामने आता है। मगर, हैरानी की बात यह है कि के. आसिफ इस फिल्म में सलीम के किरदार के लिए दिलीप कुमार के नाम पर तुरंत सहमति नहीं बना पाए थे। पहली बार में तो उन्होंने दिलीप साहब को लेने से इनकार ही कर दिया था। दिलीप कुमार के फिल्मी करियर का वह शुरुआती दौर था। उनकी पहली फिल्म 'ज्वार भाटा' (1944) फ्लॉप हो चुकी थी। दिलीप कुमार अपने अभिनय की कोई खास छाप नहीं छोड़ पाए थे। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें दर्शकों और निर्माता-निर्देशकों ने पूरी तरह खारिज नहीं किया था। दिलीप कुमार के अंदाज में कुछ तो बात थी कि लोग उनका सम्मान करते थे। इन्हीं में से एक थे के.आसिफ। दिलीप कुमार की आत्मकथा 'दिलीप कुमार-द सब्सटांस ऐंड द शेडो' में के आसिफ की पहली पतनी और अभिनेत्री सितारा देवी ने इस बात का जिक्र करते हुए कहा है, 'के. आसिफ ने हैंडसम एक्टर दिलीप कुमार के बारे में सुन रखा था। एक दिन बोले चलो एक बार इसको भी देख ही लूं। हालांकि, उस वक्त तक सलीम के रोल के लिए सप्रू ही उनके जहन में थे। लेकिन, उन्होंने सोचा किसी नए एक्टर के बारे में भी सोचने में कोई गुरेज नहीं। जब दिलीप भाई आए और हमारे ड्रॉइंग रू में बैठे तो एक लम्हे को मैंने खुद को बेजुबान सा महसूस किया। चेहरे पर चुंधियाते बाल और नूर की चमक। अंदाज में नफासत थी। उसे देखकर कोई भी कह सकता था कि वह एक खास चीज है, जिस पर अल्लाह का साया है।' उन्होंने आगे कहा, 'इसके बाद आसिफ और दिलीप कुमार के बीच कुछ बातचीत हुई। फिर दिलीप कुमार वह चले गए। इसमें कोई शक नहीं कि दिलीप कुमार से प्रभावित हुए बिना के. आसिफ नहीं रहे थे। मगर, उनका ख्याल था कि दिलीप कुमार काफी दुबले-पतले हैं और सलीम के किरदार में वही एक्टर जंचेगा, जिसमें मुगल शहजादों की सी जलवागिरी हो। इसके बाद के. आसिफ ने ऐसी बात कह डाली जो आगे चलकर सच साबित हो गई और दिलीप कुमार को यह रोल मिल गया।' के. आसिफ ने सलीम के रोल के लिए दिलीप कुमार का ख्याल त्यागते हुए कहा था, 'मुमकिन है कि मैं दस साल बाद जब सलीम-अनारकली की मोहब्बत की इस दास्तान पर दोबारा स्क्रिप्ट लिखूं तब शायद सलीम के रोल के लिए मैं दिलीप कुमार को चुन लूं। उसमें शाहाना शान तो मौजूद है, मगर अभी वह इस रोल के लिए तैयार नहीं है।' हालांकि इस मुलाकात के बाद दिलीप कुमार के साथ के.आसिफ की अच्छी जान-पहचान हो गई। इस बीच के. आसिफ ने सलीम के रोल के लिए सप्रू को ले लिया। मगर, संयोग से वह फिल्म कभी बन नहीं पायी। जब बनी तो फिर दिलीप कुमार ने ही सलीम का किरदार अदा किया। बरसों बाद ही सही, लेकिन वह रोल लिखा दिलीप कुमार के नसीब में ही था।

# 21 साल में सिर्फ नौ फिल्में दे पाए राकेश असफल होने पर किया था हैरान कर देने वाला फैसला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। फिल्म 'रंग दे बसंती' जैसी मास्टरपीस बनाने के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। राकेश हर साल 7 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाते हैं। वह हमेशा से अलग फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। किसी भी फिल्म



के लिए वह सब्जेक्ट का चयन काफी सोच समझकर करते हैं। इसलिए अपने 21 साल के करियर में उन्होंने 8 फिल्में ही बनाई हैं। फिल्म बनाने के लिए राकेश खुद को पूरी तरह समर्पित कर देते हैं यही वजह है कि जब एक बार उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई थी तो उन्होंने खुद को खत्म करने की कोशिश की थी। आइए जानते हैं ये किस्सा बात साल 2009 की उस समय उनकी फिल्म दिल्ली 6 बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म से राकेश को काफी उम्मीदें थीं, और हो भी क्यों न? उनकी पिछली फिल्म रंग दे बसंती बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। इस वजह से वह दिल्ली 6 के हिट होने को लेकर भी आश्वस्त थे। हालांकि रिलीज के बाद उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया और बॉक्स ऑफिस पर उनकी फिल्म फ्लॉप साबित हुई। राकेश यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सके। फिल्म के असफल होने के गम में राकेश इस कदर डूब गए थे कि उन्होंने शराब का सहारा ले लिया। राकेश शराब से खुद को खत्म करना चाहते थे। इस बात का खुलासा उनकी ऑटोबायोग्राफी 'द स्ट्रेंजर इन द मिरर' हुआ था। इस किताब में निर्देशक के करियर, निजी जिंदगी, सफलता और असफलता जैसे सभी किस्सों का जिक्र है। उन्होंने किताब में लिखा, 'फिल्म शुक्रवार 20 फरवरी, 2009 को शानदार प्रतिक्रिया के साथ शुरू हुई। हमने रविवार तक 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया। इसके बाद फिर सोमवार आया और दर्शक सिनेमाघरों से गायब हो गए और मैं बर्बाद हो गया था। बॉक्स ऑफिस पर हार और उसके साथ मेरे अपने संघर्ष ने मुझे झकझोर के रख दिया था। मुझे महसूस होने लगा कि क्या मैं लगातार बेहतरीन सिनेमा बनाने में सक्षम हूं या नहीं क्या रंग दे बसंती महज ढोंग थी किताब में उन्होंने बताया है कि इसके बाद वह पूरी तरह शराब में डूब गए थे। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत राकेश ने फिल्म अक्स से की थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और मनोज बाजपई नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म रंग दे बसंती बनाई। इसके अलावा वह दिल्ली 6, भाग मिल्खा भाग, मिर्जया और तूफान जैसी फिल्में बना चुके हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर धीमी पड़ी 'जुग जुग जियो' की रफ्तार

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही फिल्में लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई ये फिल्में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार को देशभर में रिलीज होने वाली ये फिल्में कई बार दर्शकों को पसंद आती हैं तो वहीं कई बार उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाती है। ऐसे में दर्शकों की प्रतिक्रिया का इन फिल्मों की कमाई पर भी खासा असर पड़ता है। ऐसे में सिनेमाघरों में लगी इन फिल्मों की बुधवार को हुई कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। तो आइए जानते हैं किस फिल्म ने की कितनी कमाई बीते शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' को दर्शकों और इंडस्ट्री के कई लोगों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। शानदार प्रदर्शन करते हुए यह फिल्म लगातार अपने कारोबार में बढ़ोतरी कर रही है। फिल्म के रिलीज हुए छह दिन पूरे हो चुके हैं। ऐसे में बीते दिन हुए फिल्म कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। फिल्म ने अपने पहले बुधवार को करीब 1.35 करोड़ रुपये अपने झोली में डाले है। इसके साथ ही फिल्म ने अब तक कुल 12.39 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। आर माधवन की फिल्म 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' के साथ रिलीज हुई कपिल वर्मा की फिल्म 'राष्ट्रकवच ओम' की रफ्तार सिनेमाघरों में लगातार धीमी होती जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन देख यह कहा सा सकता है कि आदित्य रॉय कपूर की यह फिल्म रॉकेट्री से पिछड़ गई है। फिल्म ने छह दिनों में महज 7.28 करोड़ का कारोबार किया है। शुरुआत में उम्मीद के मुताबिक कलेक्शन कर रही फिल्म जुग जुग जियो की चमक अब बॉक्स ऑफिस पर धीरे-धीरे कम होती जा रही है। वरुण धवन, कियारा आडवानी नीतू कपूर और अनिल कपूर स्टारर यह फिल्म अब धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। हाल ही में सामने आए फिल्म के 13वें दिन के कलेक्शन की बात करें तो इसने अपने दूसरे बुधवार को लगभग 1.60 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 72.69 करोड़ रुपये हो गई है।

# जब राजेश खन्ना ने गुसलखाने के पास बैठ मांजे बर्तन, घर परिवार के सच्चे सबक सिखाती 'बावर्ची' के 50 साल


**नई दिल्ली।** इन दिनों ओटीटी और सिनेमा के लिए मनोरंजन सामग्री बनाने वालों में 'हिंदी हार्टलैंड' की कहानियों की जबर्दस्त मांग है और दिक्कत ये है कि मुंबई के अंधेरी, जुहू, सांताक्रूज और बांद्रा में बसे नए फिल्मकारों को पता ही नहीं कि ये 'हार्टलैंड' कोई जगह नहीं बल्कि आम आदमी का दिल है। ये वही आम आदमी है जो अब भी रिश्तों के लिए रोता है। पिता से दूर है और बच्चों के लिए परेशान है। पतनी की कहने पर घरवालों से भिड़ने को तैयार है और घर की बिटिया को पढ़ाने के लिए आने वाले नौजवान को शक की निगाह से देखता है। यही आम आदमी जब दिल खोलकर सिनेमा




देखता है तो बॉक्स ऑफिस पर पैसों की बरसात होती है। और, ये सब समझने के लिए जरूरत है हिंदी सिनेमा की उन फिल्मों को फिर से देखने की जो अपने जमाने की सुपरहिट फिल्में कहलाती हैं। घर में दो बहुएं है, दोनों का काम से जी घबराता है। अपने पतियों के लिए वे बिस्कुट अलमारी में छुपा कर रखती है। घर में एक अनाथ बेटी है। माता पिता उसके दुर्घटना में मारे गए। हर कोई उस पर रौब जमाता है। बड़े भाई की बेटी को नृत्य सिखाने एक स्त्रैण लक्षणों वाले गुरुजी आते हैं। छोटे भाई का बेटा अभी बहुत छोटा है। तीसरा भाई अंग्रेजी रिकॉर्ड्स की धुनें चुराकर नए हिंदी गाने बनाने में माहिर नजर आता है। कोई किसी से सीधे मुंह बात नहीं करता। सबको एक दूसरे पर शक भी है और डाह भी और फिर घर में आता है नया बावर्ची। वह कहने भर को बावर्ची है। संस्कृत का विद्वान है। गणित के फॉर्मूले चुटकियों में हल कर देता है। नृत्य में प्रवीण है और गाने बैठ जाए तो अच्छे अच्छे गायक उसके आगे फेल हैं। ये बावर्ची घर के लोगों को एक दूसरे से प्यार करना सिखाता है, दूसरों की छोटी मोटी गलतियों को नजरअंदाज करना सिखाता है। और, कहता है, 'अपना काम तो सभी करते हैं, लेकिन दूसरों का काम करने में जो सुख मिलता है, उसका अलग ही आनंद है।' गुलजार ने चुन चुनकर पारिवारिक जीवन को सुलझाने के संवाद फिल्म में लिखे हैं। एक फिल्म को संपूर्ण फिल्म कैसे बनाया जा सकता है, उसे सिखाने के लिए फिल्म 'बावर्ची' बिल्कुल सही उदाहरण है। राजेश खनन को उनकी रोमांटिक छवि से निकालकर गुसलखाने के पास बैठकर बर्तन मांजने का काम अपनी फिल्म में ऋषिकेश मुखर्जी ही दे सकते थे। की साधना दिखती है।

# 12 साल की उम्र से दिलीप कुमार के लिए पागल थीं सायरा बानो

**नई दिल्ली।** साल 2021 में 7 जुलाई के दिन दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनके जाने के बाद पतने सायरा बानो की जिंदगी में





जो सूनापन आया उसे कोई नहीं भर सकता है। दोनों की ये जोड़ी इंडस्ट्री की सबसे पुरानी और मजबूत जोड़ी में से एक रही। जब भी अगर जिक्र दिलीप साहब का हो तो सायरा बानो का नाम न लिया जाए ऐसा तो हो ही नहीं सकता। उम्र में बड़ा फासला होने के बाद भी दोनों के बीच कभी कोई कड़वाहट की बात सामने नहीं आई और हमेशा एक दूसरे का साथ निभाया। आखिरी दम तक सायरा दिलीप कुमार की साथ रहीं और अभिनेता के निधन के बाद वह इस तरह टूट गई थीं कि उन्होंने लोगों से मिलना-जुलना भी कर दिया था। हिंदी सिनेमा में सायरा बानो और दिलीप कुमार की लव स्टोरी बहुत ही लोकप्रिय रही। अभिनेत्री सायरा बानो महज 12 साल की थीं जब वो दिलीप कुमार से प्यार करने लगी थीं। दरअसल वह जब पहली बार फिल्म 'आन' देखने गई थीं और उन्होंने जब दिलीप साहब को पर्दे पर देखा तो बस देखती ही रह गईं और उन्होंने उसी समय सोच लिया था कि एक दिन वह उन्हें अपना बना लेंगी। यहां तक कि सायरा ने उन्हें इंप्रेस करने के लिए उर्दू और पशिन्यन तक सीखी थी । सायरा बानो की दिलीप साहब से पहली मुलाकात 1960 में फिल्म मुगल-ए-आजम के सेट पर हुई थी। हालांकि उस समय दिलीप कुमार ने उनपर कोई ध्यान नहीं दिया, क्योंकि उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी और इसलिए दिलीप साहब भी वह उन्हें एक छोटी बच्ची की तरह ट्रीट कर रहे थे, लेकिन सायरा तो दिल ही दिल में उन्हें अपना मान बैठी थीं। अब फिल्मों में आने के सिवाय सायरा बानो के पास कोई और रास्ता नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी मां से फिल्मों में काम करने की इच्छा जाहिर की।

# खतरनाक शैतान के खौफ ने लूट लीं सारी तालियां, थॉर पर इस बार भारी पड़ी माइटी थॉर

**नई दिल्ली।** मार्वल स्टूडियोज की नई पेशकश फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की कहानी को 29वीं फिल्म तक लेकर आ गई है। मार्वल स्टूडियोज की नई पेशकश फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की कहानी को 29वीं फिल्म तक लेकर आ गई है। एक काल्पनिक लोक असगार्ड के देवता थॉर की जो कहानी कभी स्टैन ली ने ही अतरंगी फिल्म है। थोड़ा सरल ढंग से समझना हो तो इस तरह समझिए कि अगर गोविंदा या वरुण धवन जैसे कलाकार को सुपरहीरो बना दिया जाए और उनकी कुदरती आदतें न बदली जाएं, वैसा। इस किरदार को निभाने वाले क्रिस हेम्सवर्थ ने बीते 11 साल में इस किरदार के साथ साथ जो यात्रा की है, उसका असर दोनों पर दिखता है। क्रिस हेम्सवर्थ अब तक से करने की पूरी छूट भी देते हैं। सृजन में अनुशासन कितना जरूरी है, वह इस फिल्म को देखकर समझा जा सकता है। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' का डीएनए इसे वहां ले जाता है जहां ईश्वर का एक पुजारी अपने निजी नुकसान का बदला लेने के लिए भगवान के विरुद्ध हो जाता है। शुरू के ये दृश्य दर्शकों को सिहरा देते हैं। मामला उम्मीदों भरा दिखने लगता है लेकिन, इस पूरी




कॉमिक्स के हिसाब से सोची, वह लैरी लीबर और जैक किर्बी जैसे उनकी विरासत संभालने वाले लेखकों ने और विस्तारित ही की है। सिनेमा और साहित्य का रिश्ता पुराना भी है और अटूट भी। खासतौर से बच्चों और बड़ों में समान रूप से लोकप्रिय कॉमिक्स की दुनिया को परदे पर उतारने का जैसा सपना मार्वल स्टूडियोज के मालिक केविन फाइगी ने देखा, उसे हकीकत में बदला और उसे पूरी दुनिया तक पहुंचाया, उसकी शुरुआती कहानियां एक सफल कारोबार साम्राज्य खड़ा करने की अपने आप में एक अलग फिल्म है। सिर्फ थॉर के किरदार की बात करें तो इस किरदार का मार्वल कॉमिक्स में प्रवेश 1962 में 'जर्नी इनटू मिस्ट्री' नामक कॉमिक बुक से होता है। परदे पर ये किरदार 2011 में अवतरित हुआ। टीम एवेंजर्स का हिस्सा बना। और, गाजिन्यन्स ऑफ गैलेक्सी के साथ मिलकर कुछ अलग करने का वादा करके पिछली फिल्म में विदा लेने वाला थॉर अब अपने सबसे अतरंगी रूप में लौटा है। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' बहुत आठ बार थॉर का किरदार निभाते मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में दिख चुके हैं। सोलो हीरो के तौर फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' उनकी चौथी फिल्म है। शुरुआती दौर का थॉर जहां बहुत ही उद्दंड और मनमौजी था, निर्देशक टाइका वाइटीटी के मार्वल स्टूडियोज पहुंचने के बाद 'थॉरः रैगनरॉक' में उन्होंने क्रिस के साथ मिलकर जैसा थॉर बनाने की कोशिश शुरू की थी, उसका असल परिणाम अब फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' में सामने आया है। 'एवेंजर्स' सीरीज की फिल्मों का खास हिस्सा रहा थॉर जब ब्लिप के बाद अपना कामकाज वलकाइरी को सौंप गाजिन्यन्स ऑफ गैलेक्सी के साथ निकल पड़ता है तभी से इस किरदार की अगली सोलो फिल्म को लेकर संभावनाएं और आशंकाएं एमसीयू फैंस के मन में घुमड़ने लगी थीं। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' देखकर समझ आता है कि ये गलत भी नहीं थीं। निर्देशक टाइका वाइटीटी बहुत ही मस्तमौला इंसान हैं। शूटिंग पर वह तय स्क्रिप्ट के साथ तो पहुंचते हैं लेकिन अपने कलाकारों को इसे अपने हिसाब फिल्म में बहुत हिचकोले हैं और फिल्म चूंकि बहुत रफ्तार से आगे भागती है तो कहीं कहीं ये हिचकोले तकलीफ भी देने लगते हैं। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' की कहानी इसके नायक थॉर की कहानी नहीं है। एमसीयू फैंस के नजरिये से देखें तो निर्देशक टाइका वाइटीटी ने बहुत ज्यादा प्रयोग करके थॉर की दुनिया ही उलट पुलट दी है। ये उलट पुलट वाले प्रयोग मार्वल स्टूडियो के कर्ताधर्ता एमसीयू के फेज 4 में कुछ ज्यादा ही कर रहे हैं। बजाय कहानियों को मजबूत करने के तमाशों पर जोर देने से मार्वल की ये काल्पनिक दुनिया अपना आकर्षण कमजोर कर रही है। लेकिन, एमसीयू के फैंस को उम्मीद है कि 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद की कहानी जल्दी ही पटरी पर आ जाएगी। खुद केविन फाइगी भी ये उम्मीद जता चुके हैं। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' एमसीयू के उन फैंस को तो खूब पसंद आएगी जो थॉर को सबसे ज्यादा पसंद करते हैं लेकिन एवेंजर्स के बाकी फैन्स को फिल्म से ज्यादा कुछ उम्मीद नहीं करनी चाहिए। हां, थॉर की प्रेमिका का कहानी में लौटना दिलचस्पी जरूर जगाता है। माइटी थॉर वाकई थॉर पर इक्कीस है। क्रिस हेम्सवर्थ का अपना एक अलग फैन बेस भी है, उसे झटका देने का काम इस बार नताली पोर्टमैन ने किया है। हथौड़ा अब उसके पास है और वह लोहा गर्म होने के इंतजार मे है। थॉर के पास अब शक्तिशाली कुल्हाड़ी है। दोनों के निशाने पर गोर है। रास्ते में जीयूस की भी एंट्री है और वल्काइरी की भी। थॉर की सेना में गाजिन्यन्स ऑफ गैलेक्सी भी शामिल होते हैं। एक मल्टीस्टारर फिल्म में सबसे ज्यादा मशक्कत होती है हर कलाकार के किरदार को ठहराव देने और उसकी कहानी में जरूरत के हिसाब से उसे परदे पर प्रस्तुत करने में। गोर की शैतानी का विस्तार ठीक से न होना, माइटी थॉर बन चुकी जेन फॉस्टर के साथ उसके रिश्तों में एहसास के नए रंग ठीक से न भर पाना और रसेल क्रो जैसे सितारे की काबिलियत का ठीक से इस्तेमाल न कर पाना फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' की कमजोर कड़ियां है। फिल्म 'थॉरः लव एंड थंडर' देखें कि न देखें पर चर्चा करना मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के समर्पित प्रशंसकों के लिए कोई मायने नहीं रखता। साल 2008 से इस काल्पनिक लोक का हिस्सा बने इन प्रशंसकों के लिए एमसीयू की हर फिल्म किसी सिलेबस की तरह है। उसे देखना उनकी आदत भी बन चुकी है और जरूरत भी। मार्वल स्टूडियोज की ये फिल्म इन्हीं प्रशसंकों के लिए है और इसकी कामयाबी भी इनकी पसंद नापसंद पर निर्भर करती है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

**आधुनिक समाचार**
हिन्दी दैनिक



# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
प्रयागराज

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





**कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र**
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

**सीधे प्रवेश सूचना**

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायों मे अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274